मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर जी" के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

# कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह को एक बार फिर सेवा विस्तार

अयोध्या कार्यालय।



**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह को एक बार फिर सेवा विस्तार मिला है। कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अपनी प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियमित रूप से नवनियुक्त कुलपति डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह के पदभार ग्रहण करने की तिथि अथवा छह माह की अनाधिक अवधि या अग्रिम आदेश तक कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के कार्यकाल को बढ़ा दिया है। कुलाधिपति ने यह निर्णय कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के उत्कृष्ट कार्यों एवं कार्य कुशलता को देखते हुए लिया है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह 19 अगस्त 2025 को छह माह के लिए कृषि विवि का प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया था, जो 18 फरवरी 2026 को समाप्त हो गया।

कुलाधिपति ने राष्ट्रीय पादप आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, आई.सी.ए.आर नई दिल्ली के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या का कुलपति नियुक्त किया है। राजभवन से जारी पत्र के अनुसार नवनियुक्त कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को पदभार ग्रहण करने में अभी कुछ और समय लगने की संभावना है। इसे देखते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह को सेवा विस्तार दिया गया है। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान बनाई है।

# राममंदिर में संपूर्ण दर्शन की अनुभवी एजेंसी को मिलेगी जिम्मेदारी

अयोध्या कार्यालय।

- रामनवमी के बाद लागू होगी व्यवस्था, ट्रस्ट कर रहा मंथन

**अमृत विचार:** राम जन्मभूमि के परकोटा व सप्त ऋषियों के मंदिर में श्रद्धालुओं को भ्रमण व दर्शन कराने की जिम्मेदारी अनुभव रखने वाले एजेंसी को दी जाएगी। रामनवमी के बाद ये व्यवस्था लागू की जाएगी। इस पर ट्रस्ट मंथन शुरू कर दिया है।

श्री राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को भूतल में विराजमान रामलला, प्रथम तल पर राम दरबार में दर्शन होने के बाद परकोटा कॉरिडोर और उसमें स्थापित भगवान गणेश, हनुमानजी, भगवान सूर्य, माता भगवती, मां अन्नपूर्णा देवी, शिव और शेषावतार के मंदिर में दर्शन करने के साथ-साथ महर्षि अगस्त्य, महर्षि बाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वशिष्ठ, शबरी, निषादराज व अहिल्या देवी के अलावा कुबेर टीला पर कुबेश्वर महादेव, जटायु और अंगद टीला पर गिलहरी की प्रतिमा को देखने का अवसर प्राप्त होगा। मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए राम मंदिर के संपूर्ण परिसर में दर्शन कराये जाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से ट्रस्ट अधिकारियों के साथ मंथन कर रहा है। परकोटा का कार्य पूर्ण हो चुका है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सामान गृह भी मार्च तक बनकर तैयार हो जाएगा। ट्रस्ट रामनवमी के बाद दर्शन व्यवस्था लागू कर श्रद्धालुओं को प्रवेश देगा। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने गुरुवार को बताया कि लोग मंदिर परिसर में अपनी व्यवस्था के अनुसार पूजा कर सकें, इसके लिए किसी एक बड़ी एजेंसी को जिम्मेदारी दी जाएगी, जो इस कार्य को शांतिपूर्ण और सुविधाजनक तरीके से करा सके। राम मंदिर ट्रस्ट के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि राम नवमी के बाद से सभी मंदिरों में दर्शन शुरू कराने का प्रयास चल रहा है। पहले चरण में ऑनलाइन पास की सुविधा दी जाएगी। जिसमें हर दिन लगभग 5000 लोगों से शुरू किया जाएगा। यह प्रयास सफल होने के बाद इसकी संख्या को बढ़ाया जाएगा।


राम मंदिर परिसर में बना सप्त ऋषियों का मंदिर। अमृत विचार

# ओवरब्रिज के दोनों छोर पर रुक रही रोडवेज, हादसे को बुलावा

**हाईवे पर बने नए सरयू पुल के नीचे सवारी ढोने वाली सरकारी व निजी बसों के जाने पर लगा प्रतिबंध, यात्री परेशान**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर बने सरयू पुल ओवरब्रिज पर यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन का एक फरमान यात्रियों के लिए मुसीबत बन गया है। जाम लगने का हवाला देकर प्रशासन ने सवारी ढोने वाली सरकारी व निजी बसों को ओवरब्रिज के ऊपर से गुजरने का निर्देश दिया है। इससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सरकारी बसें सवारी के चक्कर में पुल के दोनों छोर पर खड़ी हो रही हैं, जो हादसे को भी बुलावा दे रही हैं।

अयोध्या से कई जिलों में आवागमन के लिए प्रतिदिन करीब 20 हजार यात्री व श्रद्धालु सरकारी बसों व अन्य सवारी वाहनों का प्रयोग करते हैं। कुछ दिन पूर्व तक लखनऊ-गोरखपुर व गोंडा-बहराइच मार्ग पर गुजरने वाली सरकारी बसें हाईवे पर बने नए सरयू पुल की सर्विस लेन से होकर पुल के नीचे पहुंचती थीं। यहां पर सवारी उतार कर व लेकर गंतव्य को रवाना होती थीं। यात्रियों की सुविधा के लिए नए सरयू पुल के नीचे ही परिवहन विभाग ने अस्थायी टिकट घर भी बना रखा है। कुछ यात्री यहां पर खड़े तमाम प्राइवेट सवारी वाहन जैसे निजी बस, ऑटो व अन्य टैक्सी आदि का भी प्रयोग करते हैं। इसके कारण यहां हमेशा भीड़ रहती है। हाल ही में प्रशासन ने ओवरब्रिज के दोनों छोर पर बेरिकेडिंग कर सिर्फ बसों के नीचे से जाने पर प्रतिबंध लगा दिया। अब यह बसें पुल के ऊपर से ही गुजरती हैं। प्रशासन का यह फरमान सरकारी बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वहीं, निजी बसों समेत अन्य सवारी वाहन प्रतिबंध को ताक पर रखकर पुल के नीचे ही खड़े हो रहे हैं। हाल यह है कि काफी देर इंतजार के बाद पुल के नीचे खड़े यात्री मजबूरन निजी बसों व अन्य वाहनों में सफर करने पर मजबूर हो रहे हैं। यह वाहन उनसे मनमाना किराया भी वसूल कर रहे हैं।

वहीं पुल के नीचे से जाने पर प्रतिबंध लगने से यात्री भी मजबूरन पुल के दोनों छोर पर खड़े होकर वाहनों का इंतजार करते हैं। सरकारी बसें भी यात्रियों को देखते हुए यहां रुक रही हैं। अमृत विचार टीम ने गुरुवार को यहां निरीक्षण किया तो बस्ती-गोंडा छोर पर छह सरकारी व निजी बसें लाइन से खड़ी मिलीं। यात्रियों की भी संख्या कम नहीं थी। पुल की ढलान पर बसों के खड़े होने से विशेषकर रात के समय कभी भी हादसा हो सकता है। नाम न छापने की शर्त पर रोडवेज बसों के चालकों ने बताया कि हमें ऊपर से गुजरने का आदेश है, यात्री हाथ देते हैं तो रुकना पड़ता है। ब्रिज के सिरों पर बस खड़ी करने से हादसे का खतरा है। हाईवे पर वाहन गति में होते हैं, ऐसे में कभी भी कोई वाहन टकरा सकता है। हालांकि यहां पर यातायात पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है, लेकिन वह सिर्फ ड्यूटी करते दिखे।


नए सरयू पुल के उत्तरी छोर पर खड़ी रोडवेज। अमृत विचार

### हॉट स्पॉट बना अंडर पास

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से रामनगरी में यात्रियों की संख्या में अभूतपूर्व इजाफा हुआ है। सड़क मार्ग से अयोध्या आने वाले 80 फीसदी यात्री इसी मार्ग से शहर में प्रवेश करते हैं। रोडवेज व अन्य निजी साधनों से यात्रा करने वाली यात्री भी यहीं से सवारी पकड़ते हैं। साथ ही यहीं पर एक स्थायी पार्किंग के साथ कई अस्थायी पार्किंग स्थल भी बनाए गए है, जो वाहनों से भरे रहते हैं। इसके चलते यह स्थान शहर के सबसे भीड़ भाड़ वाले स्थानों में जाना जाता है। इसके चलते यातायात पुलिस ने इसे हॉट स्पॉट के रूप में चिह्नित कर रखा है। यहां पर सिविल पुलिस के साथ यातायात पुलिस कर्मियों की भी तैनाती है। प्रशासन का कहना है कि श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए इस स्थान को जाम मुक्त बनाने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।

### यात्री बोले, बुजुर्गों का तो ख्याल रखे प्रशासन


विभु पांडेय

अपनी बुजुर्ग दादी को लेकर बस्ती जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे विभु पांडेय ने कहा कि करीब घंटे भर पुल के नीचे इंतजार किया, तब पता चला कि रोडवेज नीचे से नहीं जाती है। पहले पुल के नीचे से ही सरकारी बसें मिल जाती थी, दादी पैदल चलने में समर्थ नहीं है, इसके लिए ऑटो किया तो उसने 200 मीटर दूरी के लिए 20 रुपये मांगे। कहा कि प्रशासन को बुजुर्ग यात्रियों का तो ख्याल करना चाहिए।


अखिलेश यादव

अयोध्या निवासी अखिलेश याद व भी प्रशासन के इस फैसले से नाखुश दिखे। कहा कि जब नीचे से जाने पर सभी प्रकार के बसों पर प्रतिबंध है तो निजी बसें यहां कैसे सवारी बैठा रही हैं। बताया कि उन्हें गोंडा जाना था, सरकारी बसों का किराया 74 रुपये है, जबकि निजी बस वाले 100 रुपये किराया मांग रहे हैं। कहा कि सरकार अपने ही एक विभाग के राजस्व को चूना लगा रही है।


अभय पांडेय

अयोध्या निवासी अभय पांडेय सरकारी बस से लखनऊ से लौट रहे थे। कहा कि ओवरब्रिज शुरू होते ही चालक ने बस रोक दी। अयोध्या के सवारियों का उतार दिया। कहा कि हमें ऊपर से जाने का आदेश है। पुल के नीचे आए तो देखा वहां प्राइवेट बसें सवारियां भर रही थीं। इस व्यवस्था से महिलाएं और बुजुर्ग परेशान हैं, क्योंकि ब्रिज के सिरों पर बस रुकने से उन्हें पैदल चलकर नीचे उतरना पड़ता है, जो असुरक्षित भी है।


गौरव पांडेय

बस्ती निवासी गौरव यादव भी प्रशासन के इस फैसले के विरोध में दिखे। कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा व बीते वर्ष महाकुंभ जैसे भीड़भाड़ वाले कार्यक्रम के दौरान इस तरह का प्रतिबंध नहीं लगा था। अब तो भीड़ कई गुना कम हो गई है। उन्होंने प्रश्न खड़ा किया कि कहीं यह आदेश राजनीतिक रसूख रखने वाले प्राइवेट बस मालिकों के दबाव में तो नहीं लिया गया है। कहा कि इसकी शिकायत वह मुख्यमंत्री से करेंगे।

यात्रियों व श्रद्धालुओं के सुगम यातायात के लिए सरकारी व निजी बसों को ओवरब्रिज के ऊपर से गुजरने का निर्देश दिया गया है। सिर्फ पर्यटकों की बसों को नीचे आकर पार्किंग में खड़ा करने की अनुमति दी गई है। निजी बसें नीचे जाकर सवारियां भर रही हैं तो इसकी जांच वह स्वयं कर खिलाफ कार्रवाई करेंगे। **–आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी अयोध्या।**

प्रशासन के निर्देश पर इस मार्ग से गुजरने वाली सभी रोडवेज की बसों को ओवरब्रिज के ऊपर से जाने का निर्देश दिया गया है। **–विमल राजन, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम।**

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में वृद्ध की मौत

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के जमूरतगंज-बिल्हार घाट मार्ग पर हरिनारायणपुर गांव के पास ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार वृद्ध अंबेडकरनगर जिले केअहिरौली थाना क्षेत्र के कंदरियावा पंडित का पुरवा निवासी शिव सहाय तिवारी (60) की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर मनोज शर्मा ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है, चालक फरार हो गया है, उसकी तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### प्री ट्रायल बैठकें 21 व 26 फरवरी और 7 मार्च को

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पारिवारिक मामलों का अधिकाधिक निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के प्रयोजन से तथा पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता सम्पन्न कराने हेतु परिवार न्यायालय प्रांगण में 21, 26 फरवरी और 07 मार्च को दोपहर तीन बजे से प्री ट्रायल बैठक आयोजित की जाएगी। उपरोक्त तिथियों पर पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता सम्पन्न करायी जायेगी। उक्त जानकारी प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय अयोध्या ने दी है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक की मौत

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के दर्शन नगर–रसूलाबाद मार्ग पर गंगौली गांव के पास बृहस्पतिवार दोपहर एक ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे चालक की मौत हो गई। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के पाराखान गांव निवासी विशाल पासवान (24) ट्रैक्टर–ट्रॉली पर टेंट हाउस का सामान लाद कर गंगौली गांव गया था। सामान पहुंचा कर वापस जा रहा था। गंगौली गांव के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और पलट गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने उसे दर्शननगर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पूराकलंदर प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### मारपीट के आरोप में तीन पर केस




**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मारपीट के आरोप में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या का पुरवा दशरथपुर निवासी रामचन्दर यादव ने शिकायत पत्र में बताया कि 13 फरवरी को सुबह करीब 7 बजे गांव के विपक्षी अभिषेक यादव, सुधीर यादव व भूपेन्द्र प्रताप ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर उन्हें उनके पुत्र, पत्नी को पुत्रवधू को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

### एसआईआर में नेट भी दे रहा दगा, परेशानी

**अयोध्या, अमृत विचार :** एसआईआर में सत्यापन नेट भी दगा दे रहा है। ऑनलाइन सत्यापन में लगाए गए कर्मचारी परेशान है। सत्यापन के लिए आने वाले मेल से नेट ठप हो जा रहा है, बुधवार को तो पूरा सिस्टम बैठ गया। पंचायत के लोगों ने यहां से दिल्ली तक फोन खड़खड़ाया। वहा से बताया गया कि सामान्य परिस्थितियों में एक हजार की मेल क्षमता है। इसलिए नेट स्वत: बंद हो जाएगा। नेट खुलवाया गया।फिर कुछ-कुछ देर के बाद कंप्यूटर के साथ मेल बंद कर काम करना शुरू किया गया।

# वाहनों के लिए नई कर व्यवस्था लागू, परिवहन मेला आज से



परिवहन मेला को लेकर पंपलेट का वितरण करतीं आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने नई कर व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत पुराने वाहनों के लिए वन टाइम टैक्स व्यवस्था भी शामिल की गई है। जिससे वाहन स्वामियों को कर भुगतान में आ रही दिक्कत समाप्त हो।इसको लेकर संभागीय परिवहन अधिकारी ऋतु सिंह ने गुरुवार को बैठक भी की। लोगों को जानकारी के लिए 20 फरवरी से दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है।

संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि नई कर व्यवस्था एक मुश्त कर ढांचे को लागू कर दिया गया है। इसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यालय में आने वाले लोगों, वाहन स्वामियों, बस वाहन स्वामियों को नई कर व्यवस्था के बारे में जानकारी दी जा रही है। परिवहन मेले में भी वाहन स्वामियों को नई कर व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

आरटीओ प्रशासन ने संभागीय निरीक्षक और कार्यालय कर्मचारियों के साथ ट्रांसपोटर, बस ऑपरेटर व वाहन स्वामियों को पंपलेट वितरित कर नई कर व्यवस्था की जानकारी दी। बताया कि भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया मोटर साइकिल, तिपहिया मोटर कैब एच नेक्सी केब, संनिर्माण उपस्कर यान विशेष प्रयोजन यान, माल वाहन, सार्वजनिक सेवा वान आदि के संबंध में संशोधन किया गया है। एक मुश्त कर ढांचे को लागू किया गया है। यह व्यवस्था वाहन पोर्टल पर लाइव हो गई है। इस का उद्देश्य वाहन स्वामियों को बार-बार कर भुगतान की जटिल एवं समय-साध्य प्रक्रिया से राहत प्रदान करना, कर प्रशासन को सरल बनाना, अधिकाधिक गैर-परिवहन यानों को परिवहन यानों में परिवर्तित करना और राजस्व संग्रह की प्रक्रिया को अधिक सुदृढ करना है।

पहले से रजिस्ट्रीकृत वाहनों पर एक बारीय कर की गणना के लिए पूर्व अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए एक बारीय कर की धनराशि में आठ फीसदी की छूट देकर गणना की जाएगी, लेकिन यह छूट 75 फीसदी से अधिक नहीं होगी। 20 फरवरी से जनपदीय परिवहन कार्यालयों में परिवहन मेले का आयोजन होगा।

### हत्या आरोपी महिला को नहीं मिली जमानत

**अयोध्या, अमृत विचार।** रुपये लेनदेन के विवाद में नींद की गोली खिला बेहोश होने पर गला घोट कर हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने आरोपी महिला को जमानत देने से इनकार कर दिया है। फैसला अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से गुरुवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित पांडेय व ज्ञानेश चंद्र पांडे ने बताया कि गाजीपुर निवासी राजेश कुमार सिंह महोबरा चौराहा अयोध्या में ज्ञानेश चंद्र श्रीवास्तव के मकान में रहते थे। उनके साथ ही नसरुद्दीन पुर निवासी धर्मवीर सिंह भी रहकर मार्केटिंग का काम करता था। राजेश की पत्नी अपने बच्चों को लेकर 2 जून 2025 को मायके गई थी। 27 जून 2025 की रात 11 बजे उसने अपने पति से बात की थी। दूसरे दिन सुबह कई बार फोन पर बात करने पर फोन नहीं उठा। एक बजे के आसपास पता चला कि राजेश कुमार की मौत हो गई है। विवेचना में पता चला कि तीन लाख रुपये लेनदेन के विवाद को लेकर धर्मवीर सिंह और उसकी मां रंभा देवी ने राजेश को पहले नींद की गोली खिलाई इसके बाद बेहोश होने पर उसकी गला घोट कर हत्या कर दी। कोर्ट से धर्मवीर की जमानत पहले ही खारिज हो चुकी है। रंभा देवी की जमानत पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे भी खारिज कर दिया।

# 720 एकड़ में आकार ले रही ग्रीनफील्ड टाउनशिप

अयोध्या कार्यालय।

- गुजरात, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और गोवा सरकार को राज्य भवन हेतु भूखण्ड आवंटित

**अमृत विचार :** अयोध्या में ग्रीनफील्ड टाउनशिप तेजी से आकार ले रहा है। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा संचालित यह महत्वाकांक्षी परियोजना रामनगरी को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में शामिल इस योजना से अयोध्या न केवल धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगी, बल्कि निवेश, आवास और आधुनिक सुविधाओं का भी प्रमुख हब बन जाएगी। परियोजना का कुल प्रस्तावित क्षेत्रफल लगभग 1407 एकड़ है, जिसमें से वर्तमान में करीब 720 एकड़ भूमि पर भौतिक कब्जा आवास विकास परिषद को प्राप्त हो चुका है।

यह भूमि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से मात्र चार किमी. दूर एनएच-27 पर सरयू नदी के तट पर स्थित है। आवास विकास के अधिशासी अभियंता अमन त्यागी ने बताया कि योजना के अंतर्गत भूमि विकास, गृहस्थान एवं बाजार योजना, पूरक योजना तथा प्रथम पूरक योजना के तहत अधिग्रहण कार्य तेजी से चल रहा है। विकास कार्यों में ट्रंक रोड, ट्रंक ड्रेन, केवल डक्ट, वाह्य विद्युतीकरण, आंतरिक सड़कें, सब स्टेशन और पंप हाउस का निर्माण प्रमुखता से हो रहा है। इन कार्यों से क्षेत्र का समग्र स्वरूप बदल रहा है और आधुनिक नगरीय ढांचा मजबूत हो रहा है। योजना में राज्य भवनों के निर्माण के लिए गुजरात, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और गोवा सरकारों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। ये राज्य भवन अयोध्या में अपनी सांस्कृतिक उपस्थिति दर्ज कराएंगे और धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को नई गति देंगे।

बताया कि इसी तरह मठ-आश्रमों के लिए भी कुल 21 भूखंड आवंटित हो चुके हैं। जो धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। होटल निर्माण के लिए नौ प्लॉट आवंटित किए गए हैं, जिससे निवेशकों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। पांच सितारा होटलों से लेकर अन्य आतिथ्य सुविधाओं तक यहां विकसित होंगी, जो पर्यटकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही हैं।


ग्रीनफील्ड टाउनशिप का नक्शा।

### 300 आवासीय भूखंडों का आवंटन पूरा

योजना में 100 से 200 वर्ग मीटर आकार के लगभग 300 आवासीय भूखंडों का आवंटन पूरा हो चुका है। यह प्लॉट 100 वर्ग मीटर, 150 वर्ग मीटर और 200 वर्ग मीटर में उपलब्ध हैं। 2025 के अंत में हुई ड्रॉ और नंबरिंग प्रक्रिया के बाद कई आवंटियों को औपचारिक आवंटन पत्र मिल चुके हैं। रेरा पंजीकृत इस परियोजना में अंडरग्राउंड यूटिलिटीज, 36 मीटर चौड़ी सड़कें, ग्रीन–ब्लू कॉरिडोर (तालाबों का विकास करेंगे) जैसी सुविधाएं होंगी। परियोजना में हरित क्षेत्रों, झीलों, वेलनेस हब, हाईटेक पार्क और सुपर–स्पेशियलिटी मेडिकल सेंटर जैसी आधुनिक सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर फोकस है, जिसमें सौर ऊर्जा, हरित क्षेत्र और नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग प्रमुख है।

**इबादत** | देर रात टाटशाह मस्जिद से भी हुई रमजान चांद की तस्दीक, शिया–सुन्नी एक साथ रख रहे हैं रोजे

# पवित्र रमजान का आगाज, मस्जिदों में तरावीह की गूंज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इस्लाम के सबसे पवित्र महीने रमजान-उल-मुबारक की शुरुआत हो गई है। सुन्नी समुदाय के एक फिरके में बुधवार देर रात तक चांद को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। लोग मस्जिदों और छतों पर नजरें गड़ाए आसमान की ओर देखते रहे, लेकिन चांद नजर नहीं आया। रात करीब एक बजे टाटशाह जामा मस्जिद से चांद की तस्दीक मिलने के बाद खुशी की लहर दौड़ गई। मस्जिदों में रमजान मुबारक के नारे गूंजने लगे और लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी।वहीं रमजान को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ गई है। इस साल सुन्नी और शिया समुदायों में चांद की तस्दीक को लेकर मामूली मतभेद रहा, लेकिन अंततः दोनों ने एक साथ रमजान शुरू करने का फैसला किया। अयोध्या में मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हो गई है। मुस्लिम भाई-बहन अब रोजेदारी की तैयारी में जुट गए हैं। सहरी और इफ्तार के समय स्थानीय मौसम के अनुसार अलग-अलग होंगे, लेकिन सामान्यतः सहरी सुबह 5 बजे के आसपास और इफ्तार शाम 6 बजे के करीब रहेगी। मुस्लिम समुदाय ने एकजुट होकर रमजान की रौनक फैला दी है। शहर में बाजारों में खजूर, शीरखुर्मा और अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी जोरों पर है।


रमजान की आमद पर चांद रात की शाम गुरुवार को गुलजार चौक बाजार।

### रमजान रहमत, इबादत और खुद-सुधार का महीना : मुफ्ती ए शहर


मुफ्ती मोइनुद्दीन अशरफी मिस्बाही।

**अयोध्या अमृत विचार :** मुफ्ती मोइनुद्दीनअशरफी मिस्बाही मुफ्ती ए शहर व सरपरस्त मरकजी अंजुमन तबलीग अहले सुन्नत जामा मस्जिद टाट शाह ने अपने संदेश में कहा कि रमज़ान का मुबारक महीना अत्यंत बरकतों और रहमतों वाला महीना है। इसी पाक महीने में कुरआन मजीद का नुज़ूल हुआ, जो समस्त मानवता के लिए अल्लाह तआला की महान नेमत है। कहा कि रमज़ान की विशेषताओं में यह भी शामिल है कि इसमें फ़र्ज़ इबादत का सवाब सत्तर गुना तक बढ़ा दिया जाता है, जबकि नफ़्ल इबादत का सवाब फ़र्ज़ के बराबर कर दिया जाता है। कहा कि रोज़ा इस्लाम के पांच मूल स्तंभों में से एक अज़ीम फ़रीज़ा है, जिसे अल्लाह तआला ने अपनी तरफ़ मंसूब फरमाया है और क़यामत के दिन रोज़ेदार को उसका बदला ख़ुद अता फ़रमाएगा। हदीस शरीफ़ के हवाले से उन्होंने बताया कि यदि लोग रमज़ान और रोज़े की वास्तविक अहमियत को जान लें तो हर व्यक्ति यह चाहेगा कि पूरा साल ही रमज़ान बना रहे।

### न्यायालय के आदेश पर ठगी का मुकदमा दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार।** इनायतनगर थाना क्षेत्र में पीड़ित को रुपये दोगुना करने का झांसा देकर 4,93,967 रुपये की ठगी करना आरोपित नितिन को महंगा पड़ गया। तृतीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलराम दास ने दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश थानाध्यक्ष इनायतनगर को दिया है। इसके बाद पीड़ित शरविंद की तहरीर पर केस दर्ज हो गया। अधिवक्ता संजीव यादव ने बताया कि यह मामला इनायतनगर थाना क्षेत्र का 21 अगस्त 2024 का है। पीड़ित शरविंद को फोन के माध्यम से बताया गया कि जो पैसे हमको दोगे उसको हम दोगुना करके देंगे। पीड़ित लालच में आकर अपने बैंक अकाउंट व अन्य मदों से 4,93,967 रुपये उसे भेजा। जब उसने आरोपी से वापस पैसे की मांग की तो उसने कहा कि भेजे गए रुपये बढ़कर 17,59,586 हो गए है। इसे हम 23 अक्टूबर 2024 को भेज देंगे। इसके बाद 26 जनवरी 2025 तक पैसा न मिलने पर उसने 10 अगस्त 2025 को थाना प्रभारी इनायनगर व 14 अगस्त 2025 को एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया था। कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली।

# 1730 में से 53 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, ऑफलाइन कॉलेज को नोटिस

अयोध्या कार्यालय।



लाल रामकुमार इंटर कॉलेज पटरंगा में परीक्षा से पहले चेकिंग के लिए लाइन में लगी छात्राएं।

- यूपी बोर्ड : हाईस्कूल में 718 की जगह 708 और इंटर में 1012 की जगह 969 मौजूद रहे

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में दूसरे दिन गुरुवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 718 परीक्षार्थियों में से 708 उपस्थित व 10 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा में 1012 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 969 उपस्थित हुए और 43 अनुपस्थित रहे। ऑफलाइन पाए जाने पर एक परीक्षा केंद्र को जिला विद्यालय निरीक्षक ने नोटिस जारी की है।

जिले में यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हुई हैं, जो 12 मार्च तक जारी रहेंगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, मजिस्ट्रेट एवं फ्लाइंग स्क्वायड की तैनाती के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। उपस्थिति को लेकर अधिकारी संतुष्ट दिखे। अनुपस्थिति का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा, जो छात्रों की गंभीरता को दर्शाता है। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने को मिला। अभिभावक भी अपने बच्चों को शुभकामनाएं देते नजर आए। जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उम्मीद है कि शेष दिनों में भी यही अनुशासन और उपस्थिति बनी रहेगी।

वहीं कंट्रोल रूम से ऑनलाइन निगरानी के दौरान परीक्षा केंद्र रामेश्वर प्रसाद सत्यनारायण इंटर कॉलेज शाहगंज का डीवीआर/सीसीटीवी ऑफलाइन होने के चलते नहीं दिखाई दे पा रहा था। जिसे घोर लापरवाही मानते हुए डीआईओएस डॉ.पवन कुमार तिवारी ने परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक को नोटिस जारी करते हुए उसका स्पष्टीकरण मांगा है।उन्होंने बताया कि दो दिन की परीक्षा में कहीं नकल का मामला नहीं पाया गया है। सात सचल दलों ने 60 से अधिक परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। सामान्य कमियों के अतिरिक्त कुछ विशेष नहीं मिला। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा दो दिन में अतिरिक्त मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी की जा रही है।

# व्यापार और उद्योग बंधु की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला व्यापार और उद्योग बंझु की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। पार्किंग, अतिक्रमण के साथ जल निकासी आदि शामिल रहे। अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पांडेय ने की।

बैठक में नगर पालिका परिषद गोसाईगंज शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने, नाका हनुमानगढ़ी, रिकाबगंज चौक,रामपथ पर अंगूरीबाग प्राइमरी पाठशाला की खाली जमीन पर पार्किंग की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। व्यापारियों से विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। विद्युत आपूर्ति, सड़क एवं जल निकासी व्यवस्था, लाइसेंसिंग, नगर निकाय, कराधान और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में औद्योगिक निवेश, उद्यम स्थापना, लाइसेंस/अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गम, भूमि आवंटन, बुनियादी सुविधाओं के विकास और लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा के साथ निर्देश दिए गए। एडीएम ने कहा कि व्यापारियों और उद्योगपतियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिससे जिले में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके और आर्थिक विकास को गति प्राप्त हो। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



राम मंदिर में दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार। अमृत विचार

## प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालु राम मंदिर में कर रहे दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** फागुन माह में रोज लगभग एक लाख श्रद्धालु राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन के रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। ट्रस्ट का पूरा प्रयास है कि श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान हो। दर्शन करने हरदोई से आए अंशुमान वर्मा ने कहा कि मंदिर की भव्यता का साक्षात दर्शन हुआ है। भव्य मंदिर बना है। उस पर केसरिया ध्वज अपना वैभव लहरा रहा है। गोरखपुर से आए राहुल तिवारी ने कहा कि यहां आने के बाद एक अजब का सुकून प्राप्त हुआ है। राम मंदिर के शिखर पर लहरते भगवा ध्वज को देखकर यह प्रतीत होता है कि हिंदुओं को गौरव प्राप्त हुआ है। जिसकी डंका दुनिया भर में बजेगा।

# अभियान चलाकर नए मतदाताओं के भरवाएं फॉर्म-6

अयोध्या कार्यालय




विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की बैठक करते उपजिला निर्वाचन अधिकारी।

- उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में दिये निर्देश

**अमृत विचार :** शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों एवं प्रशिक्षण केंद्रों में विशेष अभियान चलाकर नए मतदाताओं के फॉर्म-6 भरवाए जाएं, जिससे सभी पात्र युवा मतदाता सूची में शामिल हो सकें। ये निर्देश गुरुवार को उपजिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने दिये। वो कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत 18-20 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं व पात्र महिला मतदाताओं के अधिकाधिक पंजीकरण के लिये आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया महिला मतदाताओं के शत-प्रतिशत पंजीकरण के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं व बीएलओ के माध्यम से घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं समावेशिता लोकतंत्र की आधारशिला है, अतः किसी भी पात्र नागरिक का नाम छूटने न पाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान की दैनिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## सीओ से की मुलाकात, कार्रवाई की मांग

**बीकापुर,अयोध्या। अमृत विचार :** बार एसोसिएशन बीकापुर के अधिवक्ता झिनकू यादव और उनके परिजनों के ऊपर कुछ समय पूर्व घर में घुसकर लाठी-डंडों से किए गए हमले और दी जा रही धमकी को लेकर अधिवक्ता संघ बीकापुर के अध्यक्ष अवध राम यादव व वकीलों ने बृहस्पतिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष पाल से मुलाकात की। उन्हें शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। हैदरगंज थाना क्षेत्र के मनियारपुर जाना निवासी पीड़ित अधिवक्ता झिनकू यादव ने बताया कि गांव के विपक्षी प्रवेश यादव, मस्तराम आदि ने घर में घुसकर उन्हें और उनके परिजनों को मारा पीटा था। तहरीर पर हैदरगंज पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बलवा, मारपीट सहित अन्य धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। सभी ने अधिवक्ता की सुरक्षा और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई।

# वकालतनामे में 200 रुपये की बढ़ोत्तरी

अयोध्या कार्यालय।



बार सभागार में बजट पर चर्चा करते अधिवक्तागण। अमृत विचार

- मृत्यु पर परिवार को मिलेगा सात लाख
- बार एसोसिएशन का वार्षिक बजट पारित, वकीलों की बल्ले-बल्ले, वादकारियों पर बोझ

**अमृत विचार :** फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या का वार्षिक आय-व्यय का 2026 का बजट गुरुवार को ध्वनि मतों से पारित हुआ। बजट में वादकारियों पर बोझ डालते हुए वकालतनामा 500 रुपये में कर दिया गया है। वही एमआरएफ की क्लास में बढ़ोतरी करते हुए इसे सात लाख रुपये कर दिया गया है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार से वार्षिक बजट पर चर्चा शुरू हुई जो गुरुवार को तीन घंटे से अधिक समय तक चली।

बार एसोसिएशन के मंत्री शैलेन्द्र जायसवाल व कोषाध्यक्ष अशोक दूबे ने बताया कि गुरुवार को पारित बजट में वकालतनामें में 200 रुपये की बढ़ोत्तरी की गयी है, जो शुक्रवार से लागू होगी। अधिवक्ताओं की पुत्री के विवाह में अब 31 हजार रुपये दिये जाएंगे। अधिवक्ता की मृत्यु पर उनके परिवार को अब पांच लाख रुपये की जगह सात लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी। मेडिकल सहायता में एक लाख की बढ़ोतरी करते हुए इसे दो लाख रुपये किया गया। वहीं इंडियन बैंक के बगल खाली दुकानों की शीध्र आवंटित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा चार चपरासी, एक स्वीपर व एक स्टेनो की नियुक्ति भी करने की घोषणा की गई। नया जनरेटर खरीदने, आचार्य नरेन्द्र देव सभागार में स्टेज पर नई मेज व लकड़ी की कुर्सी व डायस बनवाने का प्रस्ताव पास हुआ। इसके लिए तीन लाख की धनराशि निहित की गई। अधिवक्ता चंदा को ऑनलाइन करने, सामूहिक बीमा कराने, शेड़ों का हटवा कर मल्टी स्टोरी पक्के शेड का निर्माण कराने का भी निर्णय लिया गया। यह वार्षिक बजट 8 जनवरी से 31 दिसम्बर 2026 तक का है। बैठक में एआरओ के कोर्ट का एक माह के लिए बहिष्कार करने का भी निर्णय लिया । बैठक में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह, संजीव दूबे, विजय बहादुर सिंह, शोभनाथ त्रिपाठी, रामशंकर यादव, दूधनाथ मिश्र समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## राजकीय हाईस्कूल को इंटरमीडिएट तक उच्चीकृत करने की मांग

**शुजागंज अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए राजकीय हाई स्कूल शुजागंज कंपोजिट,विकास खंड रूदौली को इंटरमीडिएट (कक्षा 12) तक उच्चीकृत किए जाने की मांग तेज हो गई है।

इस संबंध में लोगों ने विधायक रामचंद्र यादव को मांग पत्र सौंपा। साथ ही मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री को भी मांगपत्र भेजा है। मांग करने वालों में समाजसेवी संजीव कुमार यादव, पवन कुमार उपाध्याय, दीपक कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार, रामलाल आदि शामिल हैं।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं व शिकायतें

अयोध्या कार्यालय



जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं व शिकायतें गंभीरता से सुनते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो। जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए और शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

# नशीला पदार्थ खिलाकर कराया बेशकीमती मकान का बैनामा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या निवासी एक युवक को बहला फुसलकर व नशीला पदार्थ खिलाकर उसकी अयोध्या स्थित बेशकीमती भूमि का बैनामा करा दिया। खाते से रुपये भी निकाल लिए। फुफेरे भाई की तहरीर पर थाना पूराकलंदर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में मुरलीधर निवासी ग्राम सिद्धहिर नरसिंहपुर थाना पूराकलंदर ने बताया कि उसके बुआ व फूफा का काफी समय पूर्व ही देहांत हो गया था। उनका पुत्र मुन्ना यादव पुत्र स्व. संतु यादव उनके साथ ही रहता है। उसका मूल घर जैन मंदिर हनुमान कुंड कोतवाली अयोध्या में स्थित है, जहां पर वह कभी-कभी आता जाता भी है। आरोप लगाया कि उनके गांव का निवासी नीरज यादव उनके फुफेरे भाई मुन्ना यादव को बहला फुसला कर उनके घर से ले गया। उनके आधार नंबर में अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवा दिया। इसके बाद 14 अक्टूबर 2025 को इंडसइंड बैंक शाखा ख्वासपुर में उक्त आधार कार्ड से मुन्ना का बैंक अकाउंट खुलवाया, जिसमें भी नीरज ने अपना ही मोबाइल नंबर अंकित कराया। इसके बाद 15 अक्टूबर 2025 को नीरज ने मुन्ना के अयोध्या स्थित पैतृक मकान का एग्रीमेंट सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर अयोध्या में पंजीकृत करवा दिया। जिसमें नीरज व उनके सहयोगियों का नाम है। इसके बाद से मुन्ना लापता हो गया। इसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। इसकी जानकारी होने पर नीरज ने मुन्ना को छोड़ दिया। घर जाकर मुन्ना ने बताया कि नीरज ने मुझको अगवा करके मुझे नशीला पदार्थ खिलाकर अयोध्या का मकान लिखवा लिया है। इसमें जो रुपया मेरे खाते में उन लोगों के द्वारा डाला गया था, उसे भी निकाल लिया गया। मुझको छोड़ने से पहले उन लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।



लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में गांधी पार्क में धरना देते कांग्रेस नेता व पदाधिकारी। अमृत विचार

## लाठीचार्ज के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत लखनऊ में विधानसभा घेराव के दौरान किए गए लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन करके विरोध दर्ज कराया। धरना को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार ने कांग्रेस की योजनाओं को दरकिनार कर गरीबों की योजना को समाप्त करने और नौजवानों की नौकरियों में रोक लगाने का काम किया है। कहा कि कांग्रेस पार्टी ईंट का जवाब पत्थर से देना जानती है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा देश एवं प्रदेश में नफरत का बीच बोकर सत्ता में आई भाजपा सरकार को बेनकाब कर उसे सत्ता से बेदखल करना होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कांग्रेसजनों का आह्वान किया जिस प्रकार आजादी की लड़ाई में कांग्रेसियों ने अंग्रेजों को भारत से भगा दिया आज फिर उसी जज्बे के साथ भाजपा को हटाना होगा। प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा आज देश का नौजवान राहुल गांधी में अपना भविष्य देख रहा है। धरने में पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ,राम अवध पासी, उमेश उपाध्याय, फ्लावर नकवी, बसंत मिश्रा, रामेंद्र त्रिपाठीआदि थे।

# अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम द्वार का एक दशक बाद हुआ जीर्णोद्धार

अयोध्या कार्यालय



जीर्णोद्धार हुए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का मुख्य प्रवेश द्वार।

**अमृत विचार:** डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल के मुख्य द्वार का जीर्णोद्धार किया गया। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि लगभग एक दशक पूर्व कॉन्स्ट्रक्शन एंड डिजाइनिंग सर्विसेज द्वारा बनाये गये क्रीड़ा संकुल के तीनों गेट जर्जर अवस्था में आ गए थे। सीएंडडीएस के हैंडओवर के बाद से स्टेडियम के गेट का कोई पुरसाहाल नहीं रहा।

अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का मुख्य द्वार रंगहीन हो चुका था और उसमें लगी लाइट भी नहीं जलती थी। इसके जीर्णोद्धार के लिए शासन स्तर पर स्वीकृति मांगी गई। शासन से स्टेडियम के तीनों गेट के जीर्णोद्धार के लिए छह लाख रुपये का बजट आवंटित किया। आवंटित धनराशि से अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के मुख्य द्वार सहित तीनों द्वार का रंग-रोगन व पेन्ट से साज सज्जा कर उसमें नई लाइट्स लगाई गई। आरएसओ सक्सेना ने बताया कि प्रयागराज रोड स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के गेट के जीर्णोद्धार के बाद स्टेडियम बेहतरीन दिखने लगा है। इससे अयोध्या आने वाले लाखों श्रद्धालुओं व पर्यटकों पर अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की छवि अच्छी बनेगी।

मतदाता सूची | अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ने के साथ छंट गया कुहासा

# कार्यकाल समाप्ति के पहले पंचायत चुनाव की उम्मीद नहीं

अयोध्या कार्यालय।

- सूची के साथ समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग गठन भी कारण

**अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग ने ग्राम पंचायत की मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी गई। बगैर मतदाता सूची के चुनाव नहीं कराए जा सकते। अब पंचायतों के कार्यकाल समाप्ति के पहले चुनाव कराना संभव नहीं रह गया। पंचायतों का कार्यकाल 27 मई को समाप्त हो रहा है। पंचायतों में प्रशासक की तैनाती होना भी लगभग तय हो गया।

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल मई के अंतिम पखवारे में समाप्त हो रहा है। चुनाव के लिए कम से कम 45 से 60 दिन की अवधि जरूरी है, लेकिन 15 अप्रैल को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद यह समय नहीं मिल पाएगा। ऐसे में चुनाव कराना कार्यकाल समाप्ति के पहले संभव नहीं लगता। इसकी आशंका पहले से थी। अब तक वार्डों का आरक्षण भी नहीं किया जा सका है। इसके पीछे तकनीकि कारण अन्य पिछड़े वर्ग के लिए सीटों का आरक्षण है। बगैर सर्वे के अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण जारी नहीं किया जा सकता। अभी राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन नहीं हो पाया। आयोग के गठन के बाद अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी और आरक्षण को तय करने में लगभग दो महीने का समय लगने की उम्मीद है। यह दो कारण हैं जिसके कारण पंचायत चुनाव अब अप्रैल मई में हो पाना संभव नहीं दिखता।

यदि चुनाव तय समय पर नहीं हुए और छह महीने के लिए इसे बढ़ाया गया तो पंचायतों में प्रशासकों की तैनाती किया जाना मजबूरी होगी। ऐसे में ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक प्रशासकों की तैनाती होगी। जानकार भी इससे सहमति जताते हैं।

## पंचायत की सूची अंतिम प्रकाशन अब 15 अप्रैल को

राज्य निर्वाचन आयोग ने ग्राम पंचायत की मतदाता के अंतिम प्रकाशन की तिथि एकबार फिर बढ़ा दी है। अब तक यह तिथि 28 मार्च रखी गई थी। एसआईआर में जैसे-जैसे काम बढ़ता जा रहा है। ग्राम पंचायत की मतदाता सूची काम आगे बढ़ रहा है। संभावित डुप्लीकेट के सत्यापन/निस्तारण की कार्रवाई की तिथि 16 मार्च तक कर दी गई। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत सूर्यभान ने बताया कि ग्राम पंचायत की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 अप्रैल को किया जाएगा।



रुदौली में आयोजित दुरदुरिया पूजन में शामिल मातृ शक्ति। अमृत विचार

## 501 मातृ शक्ति ने किया दुरदुरिया पूजन

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** शहर के शिवपुरम् में संतोष कसौधान ने दुरदूरिया पूजन का आयोजन किया। इसमें 501 मातृ शक्तियों ने सामूहिक पूजन किया। कार्यक्रम स्थल मांगलिक गीतों से गुंजायमान रहा। सामूहिक पूजन और दुरदरिया कथा के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया। राजेश मिश्रा, देवकी, स्मृति, राधिका, वैष्णी, राज कुमारी, सविता देवी, रंजना, सुधा कुमारी, पुष्पा, अनुराधा कुमारी, दीपा देवी समेत तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

## एसआईआर में 95 हजार नोटिस को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार।** सपा नेता व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने एसआईआर में 95 हजार नोटिस के संबंध में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे को सात सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। बताया कि पुरुषोत्तम नगर वार्ड में भाग संख्या 257, 258 पर अभी तक कोई बीएलओ तैनात नहीं किया है। कंपोजिट विद्यालय हैदरगंज के बूथ 111, 112, 113, 114 में बीएलओ को सुपरवाइजर द्वारा आपत्ति की कॉपी तो दे दी गयी है मगर उसके निस्तारण में कौन से कागजात लेने है वह फॉर्म अभी उपलब्ध नहीं कराया है। पूर्व मंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों को नोटिस आई है, मगर नोटिस में नाम के आगे पिता या पति का नाम न होने से बीएलए और बीएलओ भी नहीं जान पा रहे हैं कि किस मतदाता की नोटिस है। मांग की कि रमजान के पवित्र महीने में महिलाएं व पुरुष रोजा रखते हैं इसलिए बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करें। इस दौरान उनके साथ से निवर्तमान महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम व उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव भी मौजूद रहे।

# अवध विवि में जुटे सात जिलों के शिक्षक, भरी हुंकार

अयोध्या कार्यालय।



अवध विवि प्रशासनिक भवन के समक्ष बीएनकेबी मामले पर प्रदर्शन करते आक्रोशित शिक्षक।

- बीएनकेबी महाविद्यालय मामले में प्रदर्शन कर दी चेतावनी, अम्बेडकरनगर डीएम के घेराव का अल्टीमेटम

**अमृत विचार :** बीएनकेबी महाविद्यालय अम्बेडकरनगर की प्राचार्या और शिक्षकों पर दर्ज हुई एफआईआर के विरोध में चल रहे आंदोलन ने तूल पकड़ लिया है। सात जिलों के महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने गुरुवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में एकत्र हुंकार भरी। चेतावनी दी है कि यदि एफआईआर वापस नहीं हुई तो अम्बेडकरनगर जिलाधिकारी का घेराव होगा।

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले धरना प्रदर्शन एवं शिक्षक न्याय पदयात्रा में अम्बेडकरनगर , सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच और अयोध्या से बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित हुए। परिसर शिक्षकों की भीड़ से खचाखच भरा रहा। धरने की मुख्य मांग अंबेडकर नगर प्रशासन द्वारा एक महाविद्यालय के प्राचार्य एवं दो अन्य शिक्षकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की थी। शिक्षक संघ ने एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई को निंदनीय बताते हुए सामूहिक रूप से उसकी भर्त्सना की।

संयुक्त मंत्री डॉ. रवि कुमार चौरसिया ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा की गई एफआईआर और अन्य कार्रवाई को शीघ्र वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। अम्बेडकरनगर जिलाधिकारी का घेराव भी किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी ने भी स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं की गई तो विशाल धरने के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा। महामंत्री प्रो. अमूल कुमार सिंह ने शिक्षकों को एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षक सम्मान से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

धरने में विभिन्न महाविद्यालयों से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और एक स्वर में कहा कि यदि भविष्य में शिक्षकों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई दोहराई गई तो समूचा शिक्षक समुदाय एकजुट होकर उसका प्रबल विरोध करेगा। शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रकरण पर गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा शिक्षकों के सम्मान से कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा। धरने में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी रही।

## टीईटी के विरोध में काली पट्टी बांध काम करेंगे शिक्षक

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मिल्कीपुर में गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि डॉ. चक्रवर्ती सिंह ने घोषणा की कि शिक्षक 23 से 25 फरवरी टीईटी के विरोध में काली पट्टी बांध कर शिक्षण काम करेंगे। जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों के साथ किया गया विश्वासघात अक्षम्य है। शिक्षक समाज इसका पुरजोर विरोध करते हुए मुंहतोड़ जवाब देगा। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष मिल्कीपुर मुकेश प्रताप सिंह ने की। बैठक में जिला संगठन मंत्री संचराज वर्मा, जिला प्रचार मंत्री अभिषेक यादव, आलोक सिंह, मनीषा गुप्ता, शशि साहू, दिव्या गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।



साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन देते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

## साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो# दानपति तिवारी को गुरुवार को सात सूत्री मांगपत्र सौंपा। विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी ने कहा कि गत वर्षों में महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव न होने से विद्यार्थी ने निराशा का भाव है। छात्रसंघ चुनाव कराये जाएं। महानगर मंत्री जय श्री रावत ने महाविद्यालय के भगत सिंह छात्रावास की स्थिति ठीक कराकर विद्यार्थियों को आवंटन करने की मांग की। इकाई मंत्री विकास यादव ने कहा कि शौचालय व मूत्रालय की स्थिति ठीक न होने से छात्र-छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिला संगठन मंत्री उदय मिश्र ,जिला संयोजक प्रियांशु तिवारी,अजय तिवारी,उत्कर्ष पाण्डेय,श्रेया शुक्ल,अंशिका शुक्ला आदि मौजूद रहें।

## फर्जी एसटीएफ अधिकारी बनकर पैसा हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार।** फर्जी एसटीएफ बनकर जमीन के फर्जी बैनामा का चार लाख रुपए वापस करने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को कोतवाली अयोध्या पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना मे प्रयुक्त की गयी एसयूवी व एसटीएफ का कूटरचित आईडी कार्ड भी बरामद किया है। इस संदर्भ में कोलकाता निवासी राकेश जायसवाल ने कोतवाली अयोध्या में आश्रम के नाम पर जमीन दिलाने के आरोप में ठगी करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था। अयोध्या सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि आरोपी अजय कुमार सिंह निवासी उमरी पोस्ट अलीपुर जिला सुल्तानपुर को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया। पीड़ित राकेश जायसवाल ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया था कि 26 दिसंबर से 29 दिसंबर 2025 के मध्य फर्जी जमीन बैनामे का चार लाख रुपये वापस दिलाने के नाम पर अजय कुमार सिंह द्वारा फर्जी एसटीएफ अधिकारी बताकर तथा कूटरचित आईडी कार्ड दिखाकर धोखाधडी करके अलग-अलग दिनों में उनसे चार लाख रुपये हड़प लिए थे। मामले में केस दर्ज करने के बाद जांच कर रहे अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह व उनकी टीम ने आरोपी अजय को गुरुवार की दोपहर उदासीन आश्रम के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक एसयूवी व एसटीएफ का फर्जी पहचान पत्र बरामद हुआ है।



## मेधावी जहरा फातमा को किया सम्मानित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अंजुमन गुनच - ए - मज़लूमिया ने इमामबाड़ा स्थित कार्यालय पर उल्मा कराम की मौजूदगी में जेईई मेंस क्वालीफाई करने वाली मेधावी जहरा फातेमा को सम्मानित किया। सदर कामिल हसनैन व सेक्रेट्री जियो हैदर ने ज़हरा फातेमा को शॉल उढ़ाकर व मेमेंटो देकर सम्मानित किया। ईरान से तशरीफ़ लाए मौलाना सैय्यद मोहम्मद अब्बास मोनिस ने ज़हरा फातेमा को इमाम हुसैन अस के रौज़े ( कर्बला) का पत्थर तोहफे में दिया। अंजुमन के साबिक सेक्रेट्री इज़हार हुसैन ने रौज़े की मस्क की हुई अंगूठी प्रदान की। मेधावी के पिता शानदार अली ने बेटी की हौसला अफ़ज़ाई करने पर अंजुमन का शुक्रिया अदा किया। इस मौक़े पर नाएब इमाम ए जुमा मौलाना जाफर रज़ा आबिदी, मौलाना क़मर मेहदी,मौलाना मंज़र अब्बास साहब व बड़ी तादाद में अंजुमन के मेम्बरान मौजूद रहे। संचालन अंजुमन के साहब ए बयाज़ मोहम्मद हसनैन ने किया।

## मेडिकल कॉलेज में थायराइड समेत सात जांचें ठप, मरीज-तीमारदार परेशान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में रीजेंट की कमी के कारण सात जांचें ठप हो गई हैं।जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। थायराइड टेस्ट के अलावा लिपिड प्रोफाइल, इलेक्ट्रोलाइट, पीटी/पीसी/आईएनआर, ब्लड ग्रुप, ईएसआर, यूरीन आरएम, स्टूल आरएम और स्टूल कल्चर जैसी महत्वपूर्ण जांचें प्रभावित या पूरी तरह बंद हो गई हैं। मेडिकल कॉलेज की लैब में ये जांचें आमतौर पर ऑटो एनालाइजर मशीनों के माध्यम से की जाती हैं। सूत्रों के अनुसार, कई दिनों से रीजेंट की खरीद प्रक्रिया में देरी या कमी बनी हुई है, जिसके चलते लैब में सामान्य जांचें भी प्रभावित हो रही हैं। इससे ओपीडी और आईपीडी दोनों ही मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई मरीजों को निजी लैबों में जांच करानी पड़ रही है, जहां खर्च कई गुना अधिक है। गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों के लिए यह स्थिति परेशान करने वाली है। एक तीमारदार ने बताया कि मां की थायराइड की जांच करानी थी, लेकिन लैब में रीजेंट नहीं होने के कारण डॉक्टर ने बाहर करवाने को कहा। यहां सरकारी अस्पताल में मुफ्त जांच की जगह निजी लैब में 800-1000 रुपये खर्च हो रहे हैं। इसी तरह कई अन्य मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों और उनके परिजनों ने प्रशासन से तत्काल रीजेंट की आपूर्ति सुनिश्चित करने और जांचें बहाल करने की मांग की है। मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने बताया कि मरीजों का लोड इधर बढ़ गया है। लैब से रीजेंट की डिमांड आई है। जल्द ही पूर्ति करा जांचें बहाल कराई जाएंगी।

# महुआ मुरारपुर में नाली जाम होने से फैली गंदगी

संवाददाता, आजमगढ़।



नाली की समस्या को लेकर विरोध- प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकासखंड सठीयाँव क्षेत्र के महुआ मुरारपुर ग्राम सभा में नाली पर पटिया न होने और नियमित सफाई न होने के कारण नाली जाम हो गई है। जाम नाली से उठ रही दुर्गंध और गंदगी के चलते ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। गुरुवार को समस्या से परेशान ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला और उन्होंने विरोध जताया।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सफाई कर्मचारी की ड्यूटी तो लगाई गई है, लेकिन वह कभी-कभी ही आता है और ग्रामीणों से मिलकर सफाई कराने की बात कहकर लौट जाता है। जब ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अजय कुमार सिंह उर्फ डागले से नाली की सफाई और पटिया रखवाने की मांग की, तो उन्होंने आश्वासन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कराई। ग्रामीणों के अनुसार

### ग्रामीणों में आक्रोश

नाली की गंदगी से बदबू फैल रही है और बीमारी का खतरा बढ़ गया है। आए दिन बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। गांव में चल रहे यज्ञ-पूजा आयोजन के दौरान आयोजकों ने घर के सामने टेंट से लाए गए मेज-पटिया को अस्थायी रूप से नाली पर रख दिया है ताकि आने वाले श्रद्धालु नाली में न गिरें। आयोजकों ने भी प्रधान से सफाई और पटिया लगवाने का अनुरोध किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत नाली की तत्काल सफाई कराकर उस पर स्थायी पटिया रखवाई जाए, ताकि गंदगी, बदबू और बीमारियों से राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# त्योहारों में संवेदनशील स्थानों पर बरतें सतर्कता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।




पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी में जिम्मेदारों को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी और पूर्वी, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष और पुलिस कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जनपद में महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही शातिर और अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आवेदकों से स्वयं संवाद स्थापित कर फीडबैक लेने तथा थानों पर नियमित रात्रि गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने पर विशेष जोर दिया गया। त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर सभी थाना प्रभारियों को संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने गौकशी के मामलों में सख्त कार्रवाई, चोरी एवं लूट की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने को कहा। बीट पुलिसिंग एवं भ्रष्टाचार मुक्त पुलिसिंग पर विशेष बल देते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और पुलिस व्यवस्था को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी ने दो ग्राम प्रधानों पर की कार्रवाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- प्रधान फरीदपुर कुतुब को वित्तीय अनियमितता में दोषी पाने पर प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार पर रोक
- प्रधान सिकरोहर को किया पद मुक्त

**अमृत विचार।** जनपद में ग्राम पंचायतों में अनियमितताओं के मामलों में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने ग्राम पंचायत फरीदपुर कुतुब विकास खण्ड टाण्डा निवासी इरशाद आलम द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई किया है।

बता दें कि शिकायत में ग्राम पंचायत में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों में ग्राम प्रधान द्वारा अपने भाई की फर्म से शासनादेश में निर्धारित व्यवस्था के विपरीत सामग्री आपूर्ति कराए जाने का आरोप लगाया गया था। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर ग्राम प्रधान मो. अनीस की प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियों पर रोक लगा दी गई है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सिकरोहर विकास खण्ड अकबरपुर में मनरेगा के तहत कराए गए विकास कार्यों की प्रारंभिक जांच में भी अनियमितताएं सामने आईं है। मामले की अंतिम जांच अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा कराई गई। जांच में शासकीय धनराशि के दुरुपयोग के प्रयास तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही प्रमाणित होने पर सुनवाई उपरांत ग्राम प्रधान रेखा देवी को पदच्युत किए जाने की कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि पंचायत स्तर पर किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पुरसुकन माहौल में रखा गया रमजान का पहला रोजा

**अंबेडकरनगर।** पवित्र रमजानुल मुबारक का पहला रोजा बृहस्पतिवार को पुरसुकन माहौल में रखा गया। नगर की विभिन्न मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की गई और रोजादारों ने एकता, अखंडता और सद्भाव के लिए दुआएं की गईं। जो इस पवित्र महीने की शुरुआत को और खास बनाती है। रोजेदारों ने पूरे उत्साह से पहला रोजा रखा। इशा की नमाज के बाद तरावीह पढ़ी गई।मौलाना सैयद मोहम्मद आमिर के अनुसार इस माह में दुआओं का बहुत अधिक महत्व है। मौलाना अबुल फायक ने बताया कि रमजान के पहले अशरे में रहमत की दुआएं विशेष रूप से मांगी जाती हैं। हजरत रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने ऐसी दुआ सिखाई जो रोजेदारों को गफलत की नींद से जगाती है। मस्जिद चौक शहजादपुर में पेश इमाम कारी मोहम्मद असफर के नेतृत्व में सामुदायिक एकता तथा अमन, शांति और देश की उन्नति हेतु प्रार्थना की गई। उन्होंने कहा कि पड़ोसियों और दीन-दुखियों की हर संभव मदद करें और धर्म शास्त्र के अनुसार इबादत अंजाम देते रहें, यही निजात का जरिया बनेगा। पेवाड़ा-मीरानपुर निवासी हाफिज मोहम्मद मुकर्रिबीन ने कहा कि रमज़ान रम्ज़ से बना है जिसके मायने हैं जलाना। चूंकि ये महीना भी मुसलमानों के गुनाहों को जला देता है इसलिये इसे रमज़ान कहा गया। रम्ज़ का एक मायने गर्म जमीन से पांव जलना भी है। माहे रमज़ान में मुसलमान अपने नफ़्स को भी जलाता है इसलिए ये नाम पड़ा या रमज़ान गर्म पत्थर को भी कहते हैं।

## बच्चों ने भी रखा अपने जिंदगी का पहला रोजा



**न्यौरी अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** पाक रमजान महीने में अपने रब (अल्लाह) को राजी करने के लिए बड़ों के साथ मासूम बच्चे भी रोजा रख रहे हैं। कुछ मासूम बच्चों ने अपने जिंदगी का पहला रोजा रख कर दिन भर इबादत के साथ शाम को रोजा इफ्तार किया। दीन का जज्बा बड़ों के साथ बच्चों में भी कम नहीं है। तभी तो रमजान के शुरू होते ही बड़ों के साथ बच्चों ने भी इस रमजान का पहला रोजा रखा। इनमें से कई का उनकी जिंदगी का पहला रोज़ा था। मोहम्मद अहमद मसूदी ने आज अपने जिंदगी का पहला रोजा रखा , उम्मे सलमा ( सिमरन) ने अपने जिंदगी का दूसरा रोज़ा रखा। शाम को इफ्तार के वक्त प्यास की शिद्दत , भूख की तड़प , प्यासें होंठ देख कर मासूम बच्चों के वालिद, वालिदेन ने उनकी हौसला अफजाई करते हुए इनामात से नवाजा। बुधवार को चांद निकलने के बाद रात में सोने से पहले बच्चों ने अपनी मां और बड़ों से वादा लिया कि वो उन्हें सेहरी में जगा देंगी। सेहरी के बाद नन्हे रोजेदारों ने हिम्मत बांधकर भूख प्यास की परवाह किए बगैर दिन भर रोजा रख कर शाम को बड़ों के साथ इफ्तार की तो उनके मां-बाप की खुशी का ठिकाना ना रहा उन्होंने अपने बच्चों को खूब दुआएं दी। न्यौरी निवासी अनीस मसूदी के( 8) साल के साहबजादे मोहम्मद अहमद मसूदी ने इस रमजान में अपने जिंदगी का पहला रोजा रखा और साथ ही साथ उम्मे सलमा ( सिमरन) ने भी अपने जिंदगी का बृहस्पतिवार को दूसरा रोजा रखा। छोटी सी उम्र में जब पूरा दिन भूखा प्यासा रहकर नन्हे मोहम्मद अहमद मसूदी एवं उम्मे सलमा (सिमरन) ने खजूर से इफ्तार की तो दादा शरीफ मसूदी, वालिद अनीस मसूदी के साथ बच्चों के अम्मी ,दादी सहित पूरे परिवार के लोगों की आंखें भर आई और सभी ने मोहम्मद अहमद मसूदी एवं उम्मे सलमा (सिमरन) को तोहफे और ढेर सारी दुआएं दी। मोहम्मद अहमद मसूदी, उम्मे सलमा (सिमरन) के भाई अमीन मसूदी एवं बच्चों के मामू ने दूरभाष के माध्यम से मुबारकबाद दी।

# वन टाइम रोड टैक्स वाणिज्यिक वाहनों पर लागू, लगेगा मेला

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में परिवहन विभाग ने 1 फरवरी से नई वन टाइम रोड टैक्स प्रणाली लागू की है। इसके तहत 7500 किलोग्राम से कम भार क्षमता वाले वाणिज्यिक वाहनों को एक बार टैक्स चुकाने के बाद 15 वर्षों तक कोई अतिरिक्त रोड टैक्स नहीं देना होगा।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सतेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जनपद में एक लाख से अधिक वाणिज्यिक वाहन हैं। पहले इन सभी वाहनों को त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर रोड टैक्स का भुगतान करना पड़ता था। हालांकि, 7500 किलोग्राम से अधिक सकल भार क्षमता वाले भारी वाणिज्यिक वाहनों पर पुरानी व्यवस्था ही लागू रहेगी। नई व्यवस्था के तहत विभिन्न प्रकार के वाहनों के लिए टैक्स दरें निर्धारित की गई हैं। भाड़े या पारिश्रमिक पर चलने वाले दोपहिया वाहनों पर वाहन मूल्य का 12.5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। तिपहिया मोटर कैब पर सात प्रतिशत, जबकि 10 लाख रुपए तक के मोटर, मैक्सी कैब पर 10.5 प्रतिशत और 10 लाख रुपए से अधिक के मोटर-मैक्सी कैब पर 12.5 प्रतिशत टैक्स निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्तए निर्माण उपस्कर या विशेष प्रयोजन यान पर 6 प्रतिशत टैक्स लगेगा। 3000 किलोग्राम से अधिक सकल भार वाले यान पर 3 प्रतिशत और 3000 से 7500 किलोग्राम तक के वाहनों पर 6 प्रतिशत टैक्स निर्धारित किया गया है। इस नई प्रणाली की जानकारी देने के लिए उपसंभागीय परिवहन कार्यालय अकबरपुर परिसर में 20 और 21 फरवरी को दो दिवसीय परिवहन मेले का आयोजन किया जाएगा।

## 27 वर्ष पुराने मुकदमे में छह अभियुक्त दोषी करार

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना सम्मनपुर क्षेत्र से जुड़े वर्ष 1998 के एक पुराने आपराधिक मुकदमे में न्यायालय ने छह अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे दोष सिद्धि अभियान के अंतर्गत निगरानी प्रकोष्ठ व अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप संभव हो सकी है। बता दें कि थाना सम्मनपुर पर पंजीकृत मुकदमे में न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा अभियुक्त रामजीत, राम कुमार, राजेंद्र कुमार, मुन्नीलाल, चुन्नीलाल और अच्छाराम उर्फ अज्ञाराम समस्त निवासी नैली थाना सम्मनपुर को दोषी ठहराया गया है। न्यायालय ने अभियुक्तों द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने के आधार पर उन्हें न्यायालय उठने तक की सजा तथा प्रत्येक अभियुक्त पर 2000-2000 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया है।



भाजपाइयों ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें किया याद।

## धूमधाम से मनायी गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर जलालपुर का शिवाजी तिराहा भक्तिमय हो उठा। शिवाजी महाराज को भाजपाइयों ने भव्य माल्यार्पण और श्रद्धा-सुमन अर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने कहा कि शिवाजी महाराज सिर्फ इतिहास के पन्नों में दर्ज नाम नहीं, बल्कि वह हर उस भारतीय के दिल में बसते हैं, जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने यह साबित कर दिया कि यदि संकल्प शक्ति मजबूत हो, तो अत्याचारी सत्ताओं को भी चुनौती दी जा सकती है। संयोजन विकास निषाद ने किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकिशोर राजभर, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र, डॉ. महेंद्र प्रताप चौहान, सुरेश गुप्त, कृष्ण गोपाल गुप्त, अरुण मिश्र, शीतल सोनी, जितेन्द्र शिल्पी, सोनू गौड़, नृपेन्द्र कुशवाहा, सोनू गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, शिवम आर्य, दीपचंद जायसवाल, आत्माराम गुप्ता, सुनील प्रजापति, चन्दन यादव, मोहन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**दौरा** आयुक्त ने कलेक्ट्रेट, तहसील और विकासखंड अकबरपुर का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# जिम्मेदार शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : राजेश कुमार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते आयुक्त अयोध्या मंडल राजेश कुमार।

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशों के क्रम में मंडलायुक्त अयोध्या मंडल राजेश कुमार ने अपर आयुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या अजयकांत सैनी के साथ जनपद के कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों और पटलों सहित तहसील अकबरपुर तथा कार्यालय खंड विकास अधिकारी अकबरपुर का विस्तृत एवं सघन निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न पटलों पर आईं हुई शिकायतों का ससमय और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त राजेश कुमार ने पटल प्रभारियों से उनके द्वारा संपादित कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा कार्य निष्पादन की गुणवत्ता, अभिलेखों के संधारण और कार्यालयीन व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग, नजारत अनुभाग, खनन अनुभाग, संयुक्त कार्यालय, आंग्ल अभिलेखागार और न्यायिक अभिलेखागार सहित विभिन्न अनुभागों उनके पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने हैसियत प्रमाणपत्र, आर्थिक सहायता प्रकरण, कार्मिकों और अधिकारियों की सेवा पुस्तिकाओं सर्विस बुक की अद्यतन स्थिति तथा पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव का गहन परीक्षण किया।

### आयुक्त ने की सीडीओ की प्रशंसा

आयुक्त राजेश कुमार ने क्रमशः तहसील अकबरपुर और विकासखंड अकबरपुर का निरीक्षण किया। तहसील अकबरपुर में उपजिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह द्वारा पत्रों को ई-फाइलिंग करने और प्रपत्रों को संरक्षित किए जाने संबंधी नवाचार की उन्होंने विशेष सराहना किया। साथ ही तहसील से कलेक्ट्रेट को प्रेषित की जाने वाली पत्रावलियों को निर्धारित समयावधि में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ एवं समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए। विकासखंड अकबरपुर के निरीक्षण के दौरान भवन एवं कार्यालय परिसर की स्वच्छता, सुव्यवस्था तथा आईएसओ प्रमाणन प्राप्त होने पर आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी की प्रशंसा की। उन्होंने मनरेगा से संबंधित पत्रावलियों के संधारण को और अधिक सुव्यवस्थित करने तथा स्टॉक रजिस्टर का नियमित सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किएए जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ हो।

## वृहद रोजगार मेले का आयोजन 28 को

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष योजना मिशन रोजगार के तहत जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 28 फरवरी को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीती मिश्रा ने बताा कि यह रोजगार मेला देव इन्द्रावती पीजी कॉलेज परिसर में पूर्वाह्न 10 बजे से आयोजित होगा। मेले में देश और प्रदेश के निजी क्षेत्र की 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जो जनपद के बेरोजगार पुरुष और महिला अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के कक्षा 10वीं-12वीं उत्तीर्ण तथा अन्य उच्चतर योग्यताधारी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।

## सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में बीते 12 फरवरी की शाम हुए दर्दनाक सडक़ हादसे में एक महिला और उसके पुत्र की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित शब्बीर अहमद निवासी ग्राम अहिरौली थाना कटका ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 12 फरवरी को शाम उनकी पुत्री जुबेदा खातून अपने पुत्र मोहम्मद सैफ के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रही थीं। जैसे ही वह कोटवा दान बहादुर फिलिंग स्टेशन के सामने पहुंचीं, सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल ने उनकी गाड़ी में साइड से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मां-बेटा गंभीर रूप से घायल होकर सडक़ पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में उन्हें मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर भेजा गया, लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार रास्ते में ही जुबेदा खातून ने दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल सैफ की अगले दिन शाम मृत्यु हो गई। अचानक हुई इस दोहरी मौत से परिवार सदमे में है। शोक और मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण प्रार्थी द्वारा तहरीर देने में विलंब हुआ। इस संबंध में जलालपुर कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर वाहन स्वामी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों, वाहन चालक की पहचान और लापरवाही की जांच कर रही है। दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मत्स्य संपदा योजनाओं में गड़बड़ी पर अंबेडकरनगर का स्टाफ लखनऊ अटैच

## जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई, गोंडा के अधिकारी भी मुख्यालय से संबद्ध

संवाददाता गोंडा

**कार्रवाई**




**अमृत विचार :** केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं—प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना तथा मत्स्य पालक कल्याण कोष के क्रियान्वयन में हीलाहवाली, शिथिलता एवं भ्रष्टाचार की शिकायतों पर मत्स्य विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है।

योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी मिलने पर मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ संजय निषाद ने अंबेडकर नगर जिले के मत्स्य विभाग के पूरे स्टाफ को लखनऊ मुख्यालय से अटैच कर दिया है साथ ही गोंडा के अधिकारी को भी लखनऊ से संबद्ध किया गया है। मंत्री डॉ. संजय निषाद की तरफ से जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह कार्रवाई भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई है। मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के जनसंपर्क अधिकारी राजीव यादव ने बताया कि मंत्री डॉ. निषाद को जनपद अंबेडकरनगर एवं गोंडा से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।

मंत्री के निर्देश पर निदेशालय स्तर पर कराई गई प्राथमिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर पाए गए। इस पर मंत्री ने अंबेडकरनगर जिले के समस्त स्टाफ को लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध करने का निर्देश दिया है।

इसके तहत सहायक निदेशक (मत्स्य) कार्यालय, अंबेडकरनगर में तैनात श्वेता सिंह, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक सुनीता सिंह एवं मत्स्य निरीक्षक मो. अशरफ (उर्दू अनुवादक) को मत्स्य निदेशालय लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है।

इसी प्रकार मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, गोंडा में तैनात मछुआ प्रशांत कुमार को भी मत्स्य निदेशालय लखनऊ से संबद्ध किया गया है।

मंत्री डॉ. निषाद ने कहा कि राज्य सरकार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर कार्य कर रही है। यदि आमजन को सरकारी अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा किसी भी प्रकार की परेशानी अथवा भ्रष्टाचार की शिकायत मिलती है, तो उसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# चलती ट्रेन से गिरने से महिला को बचाया


चलती ट्रेन से गिरती महिला को बचाने का फुटेज।

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। गाड़ी संख्या 15109 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस के प्रस्थान के दौरान चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही एक महिला यात्री को गिरने से बचा लिया गया।

यह घटना बुधवार की सुबह लगभग 10:55 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर हुई। उस समय 15109 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस स्टेशन से रवाना हो रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक महिला यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश के दौरान नीचे गिरने लगी। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल सूर्य प्रकाश मिश्रा ने सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला को संभाला और उसे पटरी पर गिरने से बचाया। मौके पर मौजूद जीआरपी मनकापुर के कांस्टेबल सुधाकर खरवार ने भी सहयोग करते हुए महिला को सुरक्षित रूप से ट्रेन में चढ़ाने में मदद की। दोनों जवानों की सतर्कता से महिला यात्री की जान बच गई। घटना के बाद ट्रेन निर्धारित समय पर रवाना हो गई, जिसके चलते महिला का नाम दर्ज नहीं हो सका। अधिकारियों ने दोनों कर्मियों की कार्रवाई को प्रशंसनीय बताया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर अनिरुद्ध राय ने बताया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज आरपीएफ पोस्ट मनकापुर द्वारा सुरक्षित रखा गया है।

## कैडेट खुशी तिवारी को किया गया सम्मानित


कैडेट को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** गुरुवार को 48 यू पी बटालियन एनसीसी गोंडा परिसर में गणतंत्र दिवस शिविर में सफलतम प्रतिभाग करने के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की एनसीसी कैडेट खुशी तिवारी का सम्मान किया गया। खुशी तिवारी ने बताया कि उन्होंने गणतंत्र दिवस शिविर के अन्तर्गत प्रधानमंत्री रैली में प्रतिभाग किया। नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस शिविर तक पहुंचने के लिए कैडेट्स को सर्वप्रथम इंटर ग्रुप कंपटीशन कैंप में प्रतिभाग कराया जाता हैं। इसके पश्चात प्री – आर डी सी 1,2,3 जो कि गोरखपुर, गाजियाबाद, नोएडा में चयन के पश्चात अंतिम चयन गणतंत्र दिवस शिविर के लिए होता है। सम्मान समारोह कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर के निर्देशन में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्षा सिंह, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष उमेश शाह, सचिव सुरेन्द्र पाल सिंह छाबड़ा, सदस्य केयरटेकर ऑफिसर डॉ अमित कुमार शुक्ल, सूबेदार मेजर अनंग पाल सिंह, सूबेदार मोहन सिंह, हवलदार बंटी सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

## बलजीत बने प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष


मुजेहना में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारी।

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र मुजेहना में गुरुवार को शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुजेहना ब्लाक की नई कार्यकारिणी गठित की गयी। अध्यक्षता एवं निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार ने की। शिक्षक बलजीत कुमार वर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संरक्षक पद पर सर्वजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रज्जन लाल व महामंत्री विवेक कुमार तिवारी को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर रवि मिश्र, संयुक्त मंत्री पद पर राम किंकर सिंह व उपाध्यक्ष पद पर शिवचन्द्र वर्मा, संजय कुमार, सुरेन्द्र राही, मोनिका वर्मा व विपिन सिंह को चुना गया। संगठन मंत्री के पद पर भानू प्रकाश वर्मा, संतोष कुमार मौर्य, ममता भास्कर, राजकुमार व बृजेन्द्र सिंह चुने गए। अमित सिंह, इंद्रा व मनोज कुमार यादव को प्रचार मंत्री बनाया गया। मीडिया प्रभारी अमर वर्मा, मोहम्मद आमीन अंसारी को लेखाकार, जुग्गी लाल वर्मा को ऑडिटर चयनित किया गया। कार्यक्रम में जिला संरक्षक अरुण प्रकाश वर्मा (बब्लू), जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह, जिलामंत्री आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर जितेंद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सस्ते दाम पर सोना दिलाने का झांसा देकर 10 हजार की ठगी

**नवाबगंज गोंडा, अमृत विचार:** उमरी बेगमगंज था के डिक्सिर निवासी रामप्रताप भान सिंह को सस्ते दाम पर सोना दिलाने का लालच देकर अज्ञात युवकों ने 10 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोपित पहले असली सैंपल दिखाकर भरोसा जीतते रहे और बाद में नकली धातु थमाकर मोबाइल बंद कर फरार हो गए।

पीड़ित ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 27 जनवरी को उसके मोबाइल पर एक युवक का फोन आया। उसने पहचान होने का हवाला दिया और कहा कि उसके गांव में एक व्यक्ति मकान की नींव खुदवा रहा था, जहां सोना निकला है और वह सस्ते दाम पर दिला सकता है। दो फरवरी को युवक ने नवाबगंज-मनकापुर रोड पर बुलाया। वहां दो युवकों ने सोने जैसी दिखने वाली धातु के टुकड़े दिखाए और पांच लाख में सौदा तय किया। एक टुकड़े से छोटा सा सैंपल काटकर दे दिया। पीड़ित ने बताया कि जांच कराने पर सैंपल 16 कैरेट सोना पाया गया। तीन फरवरी को दोनों युवक नवाबगंज में मिले और 12 टुकड़े सौंप दिए। पीड़ित ने जांच के बाद भुगतान की बात कही। इसी बीच आरोपितों ने फोन कर कहा कि जरूरी काम है, पहले 10 हजार रुपये गूगल पे से भेज दें। पीड़ित ने 10 हजार ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित टुकड़ों की जांच कराने पहुंचा तो दुकानदार ने बताया कि नकली धातु है।

# किशोरी लापता युवक पर केस दर्ज

**नवाबगंज, गोण्डा, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। एक महिला ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि 6 फरवरी की शाम उसकी पुत्री गांव में ही आयोजित बरही संस्कार में शामिल होने गई थी। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन की, लेकिन सुराग नहीं मिला। महिला का आरोप है कि उसी कार्यक्रम में वजीरगंज थाना क्षेत्र के टिकरी गांव निवासी मयंकर भी आया हुआ था। परिजनों को आशंका है कि वह किशोरी को अपने साथ ले गया है।

# चंगेरिया में फायरिंग, छात्र को लगी गोली

- मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप
- लोहे के रॉड से बुजुर्ग को पीटा


घायल को इलाज के लिए ले जाता युवक।

**कर्नलगंज, गोण्डा, अमृत विचार:** चंगेरिया गांव में बुधवार को मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट और फायरिंग की। घटना में एक आठवीं के छात्र के सिर में छर्रे लगे हैं, जबकि एक बुजुर्ग को लोहे की रॉड से गंभीर चोट आई है। तनाव देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

चंगेरिया निवासी रवींद्र दीक्षित ने बताया कि बुधवार की रात उनका बेटा आर्यन घर के बाहर उनके भाई को बुलाने गया था। उसी समय रास्ते से जा रहे गांव के भोलू सिंह ने गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। भाई ने विरोध किया तो आरोपी मारपीट पर आमादा हो गया और फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना मे उनका बेटा आर्यन गोली लगने से घायल हो गया। आर्यन के सिर में कई छर्रे लगे हैं और उसकी हालत नाजुक है। वहीं दबंगों ने उनके चाचा कमला प्रसाद दीक्षित के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। फायरिंग के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें कुछ लोग हथियार लहराते दिख रहे हैं। ग्रामीणों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया। आर्यन की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंचा। गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चंगेरिया में मारपीट और फायरिंग की सूचना पर कार्रवाई की गई है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। गांव में पुलिस बल तैनात है। दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बास्केटबॉल स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर आरक्षी सम्मानित


खिलाड़ी को सम्मानित करते एसपी।

**गोंडा, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एसएसबी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया हैंडबॉल क्लस्टर के अंतर्गत संपन्न बास्केटबॉल प्रतियोगिता में यूपी पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। अर्द्धसैनिक बलों एवं राज्य पुलिस टीमों के बीच हुए मुकाबलों में यूपी पुलिस टीम ने खेल कौशल का परिचय देते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। टीम की सफलता में जनपद पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी मंगत राम की भूमिका सराहनीय रही। गुरुवार को एसपी विनीत जायसवाल ने कैंप कार्यालय में आरक्षी मंगत राम को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# हादसे में युवक की मौत, 4 घायल

मनकापुर, गोंडा


अंकित फाइल फोटो।


टक्कर के बाद वाहनों के उड़े परखचे।

**अमृत विचार :** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के गोंडा-मनकापुर मार्ग स्थित झिलाही बाजार में बुधवार देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा पिकअप व कार की टक्कर से हुआ।

पुलिस के अनुसार, बलरामपुर की ओर से आ रही पिकअप और मनकापुर से गोंडा की तरफ जा रही कार की झिलाही बाजार के पास भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रेतादलसिंह, तरबगंज निवासी अंकित कसौधन (24) की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं नैना देवी (23) को सिर में गंभीर चोट आई है। किरण देवी (40) बेहोशी की हालत में हैं और उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। अमन कसौधन (18) तथा कार्तिक (3) भी गंभीर रूप से घायल हैं। पिकअप पर सवार धनीराम नामक मजदूर को भी चोटें आई हैं। घायलों को सीएचसी लाया गया। कोतवाल अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बाइकों टकरायीं, चार लोग हुए घायल

**तरबगंज, गोण्डा, अमृत विचार :** तरबगंज मोतीगंज मार्ग पर गुरुवार को दो बाइकों की टक्कर में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया। जेठासी गांव के सामने दो बाइकें टकरा गयीं। घायलों की पहचान वजीरगंज थाना क्षेत्र के करदा गांव निवासी कमलेश चौहान (40) व अजीत (18) के रूप में हुई है। दोनो मां बेटे है। दूसरे बाइक सवार की पहचान विकास पाण्डेय (30) व कन्हैयालाल (20) के रूप में हुई है। दोनो मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के धुसवा गांव के निवासी हैं।

# कैंप में दो हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा लाभ

**गोंडा, अमृत विचार :** 22 फरवरी को आयोजित होने वाले बृहद मेगा कैंप में दो हजार से ज्यादा लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने बताया कि मेगा कैंप वेंकटाचार्य क्लब के मैदान में आयोजित होगा।

लाभार्थियों की सूची और अन्य विवरण सभी विभागों से प्राप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि एक ही जगह पर एक ही समय हजारों लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने का लक्ष्य है। प्रभारी सचिव ने बताया कि मेगा कैंप के प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालेंटियर्स को लगाया गया है।

# भूमि हड़पने के मामले का वांछित गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** फर्जी दस्तावेज तैयार कर और कूटरचना के माध्यम से जमीन हड़पने की कोशिश करने वाले एक शातिर को कोतवाली नगर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सुभागपुर क्रॉसिंग के पास से दबोचा। मामला वीरपुर सूबेदार का है। लालदेवी ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उनके पिता राम अनोखे ने उन्हें कृषि भूमि दी थी। इस जमीन पर लालदेवी का कब्जा है। चाचा छोटेलाल ने वाद दायर किया था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। छोटेलाल की मौत के बाद उनके पुत्र हरीराम ने फर्जी बैनामा तैयार किया। जालसाजों ने लालदेवी के नाम से फर्जी अंगूठा लगाकर दस्तावेज रजिस्ट्री कार्यालय में पेश किए। जब रजिस्ट्री से इनकार हुआ, तो आरोपियों ने जिला रजिस्ट्रार, एडीएम न्यायालय में अपील कर दी। पीड़िता को जब इसकी भनक लगी और उन्होंने जांच कराई, तो पाया कि उनके नाम का फर्जी इस्तेमाल कर जमीन हड़पने की साजिश रची गई है। माधवराज पुत्र जगप्रसाद, निवासी निगवाबोध कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तारी टीम में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सभाजीत सिंह और कांस्टेबल अमित तोमर शामिल रहे।

## भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार


शांति समिति की बैठक करते एसडीएम, सीओ व प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** आगामी होली व ईद त्योहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। एसडीएम अवनीश त्रिपाठी ने कहा कि दोनों समुदाय के लोग मिल–जुलकर त्योहार मनाते आए हैं और आगे भी इसी परंपरा को बनाए रखें। सीओ उदित नारायण पालीवाल ने कहा कि सभी लोग सौहार्द के साथ अपने त्योहार मनाएं। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह, चेयरमैन दुर्गेश कुमार सोनी, सभासद वैभव सिंह, विकास हांडा उर्फ गोपी, अखंड प्रताप सिंह, प्रेमचंद चौहान, बड़ी मस्जिद के सचिव तनवीर खान उर्फ सोनू, जुल्फिकार अहमद, यासीन खान, प्रधान राजेश मिश्रा, रक्षाराम आदि मौजूद रहे।

## कटरा थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**कटरा बाजार, अमृत विचार :** कटरा थाने में गुरुवार को कोतवाल विवेक त्रिवेदी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। एएसपी राधेश्याम राय ने मौजूद लोगों से त्योहार को सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की। प्रशिक्षु सीओ अभिषेक दावाच्या ने कहा कि होली पर्व पर शराब पीकर वाहन न चलाएं। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन मुजीबुलहसन सुबराती, लालबाबू तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, अमित कुमार, गोपाल, उपनिरीक्षक अरविंद यादव, कांस्टेबल रामसिंह, अनुराग आदि मौजूद रहे।

# मरम्मत के अभाव में गड्ढों में तब्दील हुआ संपर्क मार्ग


इस हाल में है संपर्क मार्ग।

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार:** छपिया थाने से बखरौली, पतिजिया खुर्द प्रधानमंत्री मार्ग होते हुए महमूदपुर हरसिंहपुर गड़हा तक जाने वाला संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण इसी रास्ते से आते-जाते हैं। खगेंद्र जनवादी, दयाशंकर, अशोक पांडेय, राजेश कुमार, विनय पांडेय, सरजू, धर्मेंद्र चतुर्वेदी और जटाशंकर ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने मार्ग की मरम्मत कराने की मांग ककी है।

# भक्ति, वैराग्य का दिया संदेश

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार।** धुनाही में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास सौरभ शास्त्री (वत्स) ने श्रद्धालुओं को भक्ति, वैराग्य और आत्मचिंतन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का दिव्य माध्यम है। कथा के क्रम में व्यास जी ने भीष्म स्तुति का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि जब भीष्म पितामह शरशैया पर लेटे थे, तब उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण करते हुए परम भक्ति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

# लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह


सत्याग्रह करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 17 फरवरी को आयोजित विधानसभा घेराव के दौरान कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह किया।

सत्याग्रह की अगुवाई शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी तथा जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे ने की। आरोप लगाया कि मनरेगा बचाओ अभियान के तहत शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के इशारे पर लाठीचार्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस किसानों, मजदूरों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं की आवाज उठाती है, तब-तब सरकार पुलिस बल के सहारे उसे दबाने का प्रयास करती है। इस दौरान सैयद अब्दुल मुजीब, विकास मनोहर श्रीवास्तव, हरिश्याम सोनी, अब्दुल वहाब, रीना देवी, चांद खान, निर्मेश श्रीवास्तव, नफीस रैनी, जानकी देवी, वसीम रैनी, अकील अंसारी, शकील समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण से सशक्त होंगी छात्राएं


मीना मंच कार्यशाला में मौजूद बीईओ व शिक्षक–शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत बीआरसी हलधरमऊ चौरी में दो दिवसीय मीना मंच कार्यशाला का आयोजन किया गया। नेतृत्व बीईओ सीमा पांडेय ने किया। कार्यशाला का उद्देश्य मीना मंच एवं पावर एंजिल के माध्यम से बालिकाओं के सशक्तिकरण, नेतृत्व क्षमता विकास, जीवन कौशल शिक्षा तथा आत्मसम्मान को बढ़ावा देना रहा। मास्टर ट्रेनर पंकज चौधरी एवं मीना मंच सुगमकर्ता निवेदिता द्विवेदी ने प्रशिक्षण सत्र संचालित किए। कार्यक्रम में हलधरमऊ के समस्त कंपोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा केजीबीवी की सुगमकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। 45 सुगमकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर अभयजीत सिंह, मधुलिका पांडे, सुनीता मिश्रा, शिवम मिश्रा एवं अनीता सिंह आदि मौजूद रहे।

**निर्देश** | कर–करेतर वसूली व विभागीय कार्यों की समीक्षा, आबकारी विभाग को चेतावनी

# राजस्व वसूली में शिथिलता बर्दाश्त नहीं :डीएम


समीक्षा बैठक करतीं डीएम प्रियंका निरंजन व अन्य। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली तथा विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने राजस्व लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें।

तहसीलवार बकाया वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने सभी विभागों को पोर्टल पर अद्यतन डेटा अपलोड करने तथा योजनाओं के भौतिक व वित्तीय लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, आबकारी, खनन, विद्युत, आयकर, पशुपालन, बाटमाप, वन विभाग, नगरपालिका, नगर पंचायत, औषधि, खाद्य सुरक्षा, मंडी एवं बैंक सहित अन्य विभागों की प्रगति की से समीक्षा की। कर एवं निबंधन विभाग, आबकारी, नगर निकायों, जल निगम सहित राजस्व से जुड़े विभागों को लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग की प्रगति असंतोषजनक पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला आबकारी अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी रिंकी जायसवाल, उपजिलाधिकारी सदर, कर्नलगंज, तरबगंज व मनकापुर आदि मौजूद रहे।

# प्रबंधक के एकतरफा फैसले से प्रधानाचार्य परिषद खफा

**गोंडा, अमृत विचार :** प्रधानाचार्य परिषद ने बेसिक, माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था से जुड़े एक मामले को लेकर डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते हुए नाराजगी जताई है।

परिषद ने आरोप लगाया है कि जेम्स हार्बी मेमोरियल के संजीत विक्टर मसीह के मामले में प्रबंधक द्वारा बिना किसी ठोस आधार के एकतरफा कार्रवाई की गई है। जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह एवं जिला मंत्री सहदेव सिंह ने दिए गए पत्र में कहा है कि बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 के दौरान 16 फरवरी को प्रबंधक द्वारा लिए गए निर्णय में संबंधित व्यक्ति को बिना किसी आरोप पत्र और स्पष्टीकरण के पद से हटाने जैसा कदम उठाया गया, जो न्यायोचित नहीं है। प्रधानाचार्य परिषद ने इसे लिए चिंताजनक बताते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से न केवल संस्थान की गरिमा प्रभावित होती है, बल्कि शिक्षकों और प्रबंध तंत्र के बीच अविश्वास की स्थिति भी उत्पन्न होती है। परिषद ने जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराते हुए तत्काल प्रभाव से आदेश निरस्त करने तथा संबंधित को पुनः पद पर बहाल करने की मांग की है।

## डीपीआरओ व एडीओ पंचायत को सौंपी गई जांच

**करनैलगंज, अमृत विचार :** हलधरमऊ की ग्राम पंचायत सिकरी सुमेरपुर में सफाई व्यवस्था को लेकर अरविन्द सिंह द्वारा की गई शिकायत पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। उप निदेशक (पंचायती राज) देवीपाटन मंडल गिरीश चंद्र ने डीपीआरओ गोंडा और एडीओ पंचायत हलधरमऊ को जांच के निर्देश दिए हैं। विपिन सिंह विशेन सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में नियुक्त सफाई कर्मी सत्य प्रकाश किसी अन्य व्यक्ति से सफाई कराता है। एडीओ पंचायत राजेश वर्मा ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

# 9.42 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## जरवा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, एक आरोपी नेपाल का है निवासी

जरवा, बलरामपुर


अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार आरोपियों के साथ एसएसपी व पुलिस टीम।

**अमृत विचार :** कोतवाली जरवा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की 9वीं वाहिनी, कोयलाबास की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बुधवार देर शाम दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 9.42 ग्राम ब्राउन शुगर तथा एक मोटरसाइकिल (पल्सर) बरामद की गई।

कार्रवाई सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार साहू (9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल) और थानाध्यक्ष राकेश पाल के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जुनैद रैनी निवासी ग्राम बहादुरडीहवा रतनपुर झिगहा, थाना जरवा, बलरामपुर तथा विकास बहादुर निवासी ग्राम गढ़वा बुद्धा ज्योति रोड, थाना गढ़वा, जनपद डांग, नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बरामद 9.42 ग्राम ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 90 हजार से एक लाख रुपये आंकी गयी है।

## गोवध प्रकरण का खुलासा, दो आरोपी पकड़े गए


गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस टीम।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना कोतवाली गैसड़ी क्षेत्र में गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना बीत 16 फरवरी की है, बिशुनपुर कला निवासी नजर मोहम्मद ने सूचना दी कि गांव के पास तालाब किनारे बोरे में गोवंशीय पशु के अवशेष पड़े हैं। थानाध्यक्ष दुर्विजय सिंह के नेतृत्व में टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में कलीम तथा बडकऊ उर्फ इमरान शामिल हैं।

## बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया के नाम पर बनेगा स्वागत द्वार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** पूर्व राज्यसभा सांसद बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया के नाम से उतरौला–बस्ती मार्ग पर कलंदरपुर के पास स्वागत द्वार बनाए जाने पर चौरसिया समाज में हर्ष का माहौल है। लोगों ने उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा के प्रति आभार जताया है। धर्मप्रकाश चौरसिया, धर्मवीर चौरसिया, अशोक चौरसिया, किशोर चौरसिया, योगेश चौरसिया, दीपक चौरसिया व डॉ. विकास चौरसिया ने कहा कि विधायक द्वारा बाबू जी के नाम से स्मृति द्वार बनवाना गौरव की बात है। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. बी.आर. चौरसिया ने भी इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि समाज में पहचान नाम और योगदान से बनती है, और यह स्मृति द्वार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

## थारू विकास परियोजना परिसर में लगा स्वास्थ्य शिविर


विधि–विधान से स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते अतिथि। ● अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** थारू विकास परियोजना विशुनपुर विश्राम पचपेड़वा परिसर में रेडक्रॉस सोसाइटी र के तत्वावधान में विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 676 मरीजों की जांच कर उपचार किया गया। शिविर में 238 पुरुष, 206 महिलाएं और 202 बच्चों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श देते हुए आवश्यक दवाएं नि:शुल्क वितरित कीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके निकट बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में रेडक्रॉस सोसाइटी से अजय मिश्रा, प्रीतपाल सिंह और प्रदुम्न सिंह की सक्रिय भागीदारी रही। इसके अलावा जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ. विजय कुमार सहित विशेषज्ञ चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## बालिका प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** शिक्षित बेटी, सशक्त राष्ट्र के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जिला प्रशासन ने अंडर-14 बालिकाओं के लिए बालिका प्रीमियर लीग 2026 का आयोजन शुरू किया है। डीएम विपिन कुमार जैन के निर्देशन में आयोजित टेनिस गेंद क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल खेल तक सीमित नहीं, बल्कि बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना का विकास करना है। इसमें परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और निजी स्कूलों की 16 टीमें भाग ले रही हैं।

प्रतियोगिता के मुकाबले 21 फरवरी को तुलसीपुर स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल, 22 फरवरी को बलरामपुर के खेल स्टेडियम और 24 फरवरी को उतरौला के एम.वाई. उस्मानी इंटर कॉलेज में खेले जाएंगे। विजेता टीमें अगले चरण में प्रवेश करेंगी। टीमों को 'बेसिक वॉरियर्स', 'कस्तूरबा राइडर्स' और 'फातिमा फाइटर्स' जैसे प्रेरक नाम दिए गए हैं। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बलरामपुर खेल स्टेडियम में सेमीफाइनल और महा फाइनल आयोजित होगा। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि यह पहल बेटियों को समान अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन


लाठीचार्ज के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विधानसभा घेराव कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कांग्रेस नेताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिषद में धरना-प्रदर्शन किया। नेतृत्व जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी ने किया।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हुए लाठीचार्ज में अजय राय के साथ राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे और राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर भी चोटिल हुए, जबकि कई कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आईं। जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी ने कहा कि प्रदेश सरकार पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। आईसीसी सदस्य व पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजबहादुर यादव ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। पीसीसी सदस्य पंकज गुप्ता ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया। धरने में वरिष्ठ नेता राम बहादुर दुबे, पूर्व प्रत्याशी उमाशंकर तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष भीष्म सिंह (उतरौला), राकेश त्रिपाठी (हरैया), विश्वनाथ यादव (श्रीदत्तगंज), राजेश पांडे, अमेरिका कुरील, दिलशाद हुसैन, विशाल कश्यप और पृथ्वी नाथ गुजराती सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय विराट कुश्ती दंगल का समापन


राष्ट्रीय कुश्ती में एक–दूसरे को चित करने की कोशिश करते पहलवान।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** पुरानी बाजार पचपेड़वा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अखिल विराट कुश्ती दंगल का बुधवार को समापन हुआ। अंतिम दिन अखाड़े पर देश के विभिन्न राज्यों से आए पुरुष और महिला पहलवानों ने दमदार दांव–पेंच दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन रवि वर्मा, जिला पंचायत सदस्य इरशाद आलम खान डब्बू, चिकित्साधिकारी डॉ. गयासुद्दीन खान और डॉ. इश्तियाक अहमद खान ने किया। पहली कुश्ती में गोविंद पहलवान (गोरखपुर) ने मानसिंह (कानपुर) को हराया। मंगल पांडेय (गोरखपुर) ने काली घटा (मध्यप्रदेश) पर जीत दर्ज की, जबकि बबलू (बरेली) और बल्लू (हस्तिनापुर) के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। महिला वर्ग में नेहा (दिल्ली) ने सौम्या (आगरा) को चित कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। रॉकी (कलियर शरीफ) ने मोनू (पंजाब) को हराया, वहीं मोहम्मद वकार ने बल्लू को शिकस्त दी। बाबा रवि शंकर दास (अयोध्या) ने काला बच्चा (हरियाणा) को 'मुल्तानी दांव' से पराजित किया। आकर्षण का केंद्र रही अंतिम कुश्ती में बाबा फकीर (कलियर शरीफ) ने टाइगर (हस्तिनापुर) को चित कर खूब वाहवाही लूटी। समापन पर बाबा फकीर ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। आयोजन में हजारों दर्शक मौजूद रहे।

## बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार की व्यापक संभावनाएं


दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन करते अतिथि। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग, करियर परामर्श एवं नियुक्ति प्रकोष्ठ तथा इमार्टिकस लर्निंग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को करियर संगोष्ठी एवं नियुक्ति शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता कौशल सिंह (सहायक उपाध्यक्ष) ने निवेश बैंकिंग, बैंकिंग-वित्तीय सेवा एवं बीमा क्षेत्र, वित्तीय प्रौद्योगिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में उभरते अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश में बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं का क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है, जिससे योग्य युवाओं के लिए संभावनाएं हैं। संगोष्ठी में निवेश बैंकिंग संचालन, अपने ग्राहक को जानो/धन शोधन निरोधक प्रणाली, जोखिम एवं अनुपालन, नकद इक्विटी की जानकारी दी गई। रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण, अभ्यास साक्षात्कार के माध्यम से विद्यार्थियों को कॉरपोरेट जगत के लिए तैयार करने पर बल दिया गया। प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी पहल बताया। कार्यक्रम के आयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. त्रिपाठी, डॉ. के.के. सिंह, डॉ. पी.के. श्रीवास्तव, डॉ. के.पी. मिश्रा, डॉ. पी.एन. पाठक, डॉ. ऋषि रंजन पांडेय, प्रो. श्री प्रकाश मिश्रा, डॉ. बी.एल. गुप्ता, ले.डॉ. देवेंद्र चौहान, डॉ. शिवानंद पांडे और सिद्धार्थ मोहंता की भूमिका रही।

## ओडीएफ प्लस का दर्जा फिर भी गांवों में गंदगी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-दो के अंतर्गत जिले की 793 ग्राम पंचायतों में से 502 पंचायतों को ओडीएफ प्लस का दर्जा मिल चुका है। हालांकि जमीनी हकीकत यह है कि कई गांवों में अब भी लोग खुले में शौच जा रहे हैं और इधर-उधर कूड़ा फेंक रहे हैं।

स्वच्छता की स्थिति सुधारने के लिए पंचायती राज विभाग ने पहल शुरू की है। पहले चरण में जिले के नौ विकास खंडों की 90 पंचायतों में अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार सुबह पांच बजे प्रत्येक ब्लॉक के एक-एक चयनित गांव में टीमों ने पहुंचकर खुले में शौच के लिए जा रहे लोगों को समझाया और शौचालय के उपयोग पर जोर दिया। डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय ने बताया कि किसी भी पंचायत में स्वच्छता तभी स्थायी रह सकती है जब ग्रामीण स्वयं जिम्मेदारी समझें। 28 फरवरी तक चलने वाले अभियान में विशुनीपुर, गैंडासबुजुर्ग के दौलताबाद ग्रांट, गैसड़ी के जीतपुर, हरैया सतघरवा के कोहडौरा, पचपेड़वा के संग्रामपुर, रेहरा बाजार के देवारीखेरा, श्रीदत्तगंज के तखतरवा, तुलसीपुर के गनवरिया देहात और उतरौला के रेहरामाफी समेत अन्य पंचायतों में प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक की टीम लोगों को जागरूक कर रही है।

## हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** बीते दिनों थाना क्षेत्र के सरयू घाट चौकी के अंतर्गत लोलपुर ओवरब्रिज पर हुए सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे पहले दुर्घटना में उनके सात वर्षीय पौत्र की मौके पर ही जान चली गई थी। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि थाना क्षेत्र के मुराई टोला कजियाना निवासी दुर्गेश मोहन द्विवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 फरवरी को उनके मोहल्ले में बहू भोज का कार्यक्रम था। इसमें शामिल होने के लिए उनके जीजा दिलीप उपाध्याय, बहन ज्योति तथा भांजा दिशांत (14) और ओजस (7) निवासी खोरा खार, पटेल चौक, बस्ती अपनी कार से आए थे। 9 फरवरी की तड़के करीब डेढ़ बजे सभी बस्ती रवाना हुए। उसी कार में उनके पिता अशोक कुमार द्विवेदी (68), भाभी शिल्पा और भतीजी अनन्या भी सवार हो गईं। लोलपुर ओवरब्रिज पर रात लगभग 1:40 बजे आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे चल रही कार ट्रक में जा भिड़ी। कार में बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे मे सात वर्षीय ओजस की मौत हो गयी थी जबकि गंभीर रूप से घायल अशोक कुमार द्विवेदी को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। गुरुवार को परिजन हादसे की रिपोर्ट दर्ज कराने नवाबगंज थाने पहुंचे और अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा किया कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## राम लीला का भव्य मंचन

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** रिक्षला गांव में जय बजरंगबली नाट्य कला कमेटी द्वारा आयोजित राम लीला ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सीता स्वयंवर और भगवान श्रीराम द्वारा शिवधनुष भंग का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रभु श्रीराम द्वारा धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने का दृश्य दर्शकों के सामने जीवंत हो उठा और आकाश से पुष्पवर्षा हुई। भक्तों ने तालियों और "जयश्रीराम" के जयघोषसे कार्यक्रम का आनंद लिया। कलाकारों ने राम के जीवन से सत्य, धर्म, मर्यादा और आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देने वाला संदेश भी प्रेषित किया। कार्यक्रम के अंत में पारंपरिक रूप से 'राम कलेवा' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अर्पित वर्मा, अनुपम राजपूत, वीरेंद्र वर्मा, डॉ. देशराज, डॉ. नौमीलाल, राहुल तिवारी, नरेंद्र वर्मा और महेंद्र वर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## ठगी करने वाले 4 शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना बड्डूपुर पुलिस ने सफेद धातु के कूटरचित बिस्किट बनाकर ठगी करने वाले 4 शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। थाना टीम ने राजू सोनी पुत्र सहजराम सोनी, कपिल मिश्रा पुत्र रामचन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम सूरतगंज, लल्लू तिवारी पुत्र परशुराम निवासी चन्द्रसिहाली, मुन्ना सिंह पुत्र सर्वेश्वर सिंह निवसी ग्राम गोंड़ा थाना मोहम्मदपुर खाला को रीवां-सीवा से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से दो कूटरचित सफेद धातु के बिस्किट बरामद किए गए। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हमलोग राजू सोनी के साथ मिलकर सोने चांदी की रिपेयरिंग का काम करते है।

## मिटाने गया था दर्द-बुखार, झोलाछाप ने दे दी मौत


राम करन वर्मा फाइल फोटो।


इसी दुकान में झोलाछाप चलाता था क्लीनिक।

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** बिना डिग्री इलाज कर रहे झोलाछाप की लापरवाही ने एक किसान की जान ले ली। खेत में काम निपटाकर हरारत दूर करने के लिए एक झोलाछाप के पास पहुंच गया। झोलाछाप ने उसे दो इंजेक्शन लगा दिये। हरारत तो दूर नहीं हुई बल्कि उसके प्राण पखेरू उड़ गए और परिवार के लिए दर्द और पीड़ा छोड़ गया। झोलाछाप फरार है और जिम्मेदार कार्रवाई के नाम पर दिलासा दे रहे हैं।

मृतक राम करन वर्मा की पत्नी पायल वर्मा के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब एक बजे उसके पति खेत से सिंचाई कर घर लौटे। उन्होंने हल्का बुखार और पैर में दर्द की शिकायत की। भोजन के बाद वह खुद साइकिल से किशुनदासपुर-टिकरी मार्ग पर पुलिया के पास दुकान चलाने वाले कथित डॉक्टर मानिक चंद पासवान के पास दवा लेने पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि बिना किसी जांच के आरोपी ने तुरंत एक इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही हालत बिगड़ गई, लेकिन इसके बावजूद दूसरा इंजेक्शन भी लगा दिया गया। कुछ ही देर में राम करन बेहोश होकर गिर पड़े। परिजनों का कहना है कि काफी देर तक मौके पर ही उपचार का नाटक चलता रहा। हालत ज्यादा गंभीर होने पर परिजन उन्हें अयोध्या के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसी बीच आरोपी ने दुकान से बोर्ड हटा लिया और फरार हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि मानिक चंद पासवान के पास कोई वैध चिकित्सा डिग्री नहीं है और वह लंबे समय से तुक्के के आधार पर इलाज कर रहा था। इससे पहले भी उसके इलाज से एक बुजुर्ग महिला की मौत और एक युवक को इंजेक्शन के बाद गंभीर सूजन की शिकायत होने की बात सामने आई थी, लेकिन मामले दबा दिए गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राम मोहन सिंह ने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

राम करन वर्मा किसानी कर परिवार का भरण–पोषण करते थे। परिवार में पत्नी पायल वर्मा और इकलौता बेटा सुजीत कुमार (विवाहित) हैं, जो दो माह पहले चेन्नई से घर लौटा था। घर में मातम पसरा है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

## गैंगेस्टर एक्ट मामलों में हो प्रभावी पैरवी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की उपस्थिति में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गत माह दोषमुक्त हुए प्रकरणों की एक–एक कर समीक्षा करते हुए अभियोजकों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और अभियोजन की कमजोरी के कारण कोई भी अपराधी छूटने न पाए। गैंगेस्टर एक्ट से जुड़े मामलों की विशेष समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों में न्यायालय में प्रभावी, ठोस और तथ्यपरक पैरवी सुनिश्चित की जाए, ताकि अपराधियों को कठोर दंड मिल सके।


**माँ सरस्वती महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, नरसिंहपुर (अटरा) कादीपुर, सुलतानपुर, उ0प्र0–228131**

**सम्बद्ध - डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्कता है।**

प्राचार्य / विभागाध्यक्ष– 01 पद, बी0एड0 प्रवक्ता 15 पद, ललित कला प्रवक्ता – 01 पद निष्पादन कला प्रवक्ता – 01 पद, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता– 01 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0, एन0 सी0टी0ई0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार– इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्व0 प्रमाणित छायाप्रति एवं दो फोटो के साथ विद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

**प्रबंधक, (मो0न0–995661541)**

**श्री हरिप्रसाद महाविद्यालय फिरोजपुर मख्दूमी, रुदौली अयोध्या**

**सम्बद्ध - डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्कता है।**

**प्राचार्य 01–** स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी0ए0) पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान, प्रत्येक विषयों में 01–01 पद प्रवक्ता की स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (बी0एस0सी0) पाठ्यक्रम हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञानगणित, जन्तु विज्ञान एंव वनस्पति विज्ञान प्रत्येक विषय मे 01–01 पद प्रवक्ताओं की।

**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्व प्रमाणित छाया प्रति एवं दो फोटो के साथ विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**मो0नं0 –9455911771, 7905577324** **नेहा यादव, प्रबन्धक**

**कार्यालय नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच**

पत्रांक संख्या–262 / न0प0रि0/2026 दिनांक :– 19/2/226

अति अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

समस्त विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग से नगर पंचायत रिसिया के वार्ड देवीपुरा में प्राथमिक विद्यालय प्रथम के सामने तालाब में मिट्टी पटाई का कार्य व नगर पंचायत रिसिया के ग्राम चफरिया में एम0आर0एफ0 सेन्टर के सामने भूमि पर मिट्टी पटाई का कार्य हेतु ई–निविदा के माध्यम से दिनांक 20/02/2026 से दिनांक 27/02/2026 को अपराहन 12.30 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। जिसकी तकनीकि विड को दिनांक 27/02/2026 को अपराहन 04.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों व अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। ई–निविदा सम्बंधी समस्त कार्य, शर्ते एवं अन्य विवरण ई निविदा की वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रिसिया बहराइच** **अध्यक्ष नगर पंचायत रिसिया बहराइच**


संवाद

उत्कृष्ट शिक्षकों संग डीएम ने बैठक कर किया सकारात्मक मंथन

## सामुदायिक सहयोग से शिक्षा स्तर में हुआ सुधार



उत्कृष्ट शिक्षकों के साथ संवाद मंथन करते डीएम। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में ठोस सुधार लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट सभागार में चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में शिक्षकों से विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों, प्रभावी शिक्षण पद्धतियों और विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा हुई। शिक्षकों ने साझा किया कि सामुदायिक सहयोग से शिक्षा स्तर में सकारात्मक परिवर्तन संभव हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे संवाद नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। में विद्यालय प्रबंधन समितियों को सक्रिय कर अभिभावकों और समाज की भागीदारी बढ़ाने, प्रार्थना सभा को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरक मंच बनाने तथा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व अनुशासन विकसित करने पर जोर दिया गया। साथ ही, ई-पत्रिका प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। संवाद में महमूदुल हक, अखिलेश कुमार शुक्ला, कुसुम कुमारी, आलोक पाठक, राहुल राय, ओम प्रकाश सिंह, सुदीप कुमार सिंह, मनोज मिश्रा, अभिमन्यु सिंह, श्रुति श्रीवास्तव, आत्माराम पाठक, इमरान अली और मधु सिंह आदि थे।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और दोनों ओर से धारदार हथियार ईंट का प्रयोग हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पहले पक्ष के प्रमोद कुमार पुत्र स्व. नौमीलाल निवासी ग्राम चुलिहापुरवा मजरे सैन्दर का आरोप है कि 18 फरवरी की दोपहर वह अकम्बा चौराहा, मजरे डिंगरी स्थित अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान बांकानगर निवासी मूलचन्द्र व जगदीश समेत उनके परिवार के सदस्य उनकी जमीन पर जबरन मकान निर्माण कराने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने बाके से हमला कर उनके सिर पर कई वार किए और जान से मारने की धमकी दी। घायल अवस्था में उन्हें छोड़कर आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रमोद कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। वहीं दूसरे पक्ष के मूलचन्द्र पुत्र नत्थाराम निवासी ग्राम बांकानगर ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपनी भूमि पर निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान प्रमोद यादव व राजू यादव ने निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया और जमीन को अपनी बताकर विवाद करने लगे। विरोध करने पर आरोप है कि विपक्षियों ने जातिसूचक गालियां दीं।

